जेष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 131, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 07 जून 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

पीएम ने जन समर्थ पोर्टल का किया शुभारंभ

अब सारी समस्याओं का निदान एक जगह, राष्ट्र के विकास में योगदान देना प्रत्येक देशवासी का कर्तव्य : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के प्रतिष्ठित सप्ताह समारोह का उद्घाटन किया। उन्होंने इस दौरान जन समर्थ पोर्टल को लॉन्च किया। इसके अलावा उनके मौजूदगी में आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित नए सिक्के लॉन्च किए गए। कार्यक्रम के अंत में पीएम मोदी ने अपना संबोधन भी दिया। अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि बीते वर्षों में वित्त मंत्रालय और कॉरपोरेट मंत्रालय ने अपने कार्यों के द्वारा, सही समय पर सही निर्णयों के द्वारा अपनी एक विरासत बनाई है, एक बेहतरीन सफर तय किया है। उन्होंने कहा कि आप सभी इस विरासत का हिस्सा हैं। देश के आम जन के जीवन को आसान बनाना हो, या देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करना हो, बीते 75 वर्षों में अनेक साथियों ने इसमें बहुत योगदान दिया है।

ये नए सिक्के देश के लोगों को निरंतर अमृतकाल के लक्ष्य याद दिलाएंगे: पीएम मोदी ने कार्यक्रम में बात करते हुए कहा कि आज यहां रुपये की गौरवशाली यात्रा को भी दिखाया गया। इस सफर से परिचित कराने वाली डिजिटल प्रदर्शनी भी शुरू हुई और आजादी के अमृत महोत्सव के लिए समर्पित नए सिक्के भी जारी हुए। ये नए सिक्के देश के लोगों को निरंतर अमृतकाल के लक्ष्य याद दिलाएंगे और उन्हें राष्ट्र के विकास में योगदान के लिए प्रेरित करेंगे।

अब अलग-अलग मंत्रालयों के वेबसाइटों के चक्कर नहीं लगाने होंगे: पीएम मोदी ने कहा कि अब अलग-अलग मंत्रालयों के अलग-अलग वेबसाइटों के चक्कर उसे लगाने से बेहतर कि वो भारत सरकार के एक पोर्टल तक पहुंचे, और उसकी समस्या का समाधान हो। आज जन समर्थ पोर्टल (खंल्ल रें१ ३ँ ढङ्ग१ ३’) लांच किया गया है वो इसी लक्ष्य के साथ बढ़ाया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि ये जनता ही है जिसने अपनी सेवा के लिए हमें यहां भेजा है।

भारत की कंपनियां न सिर्फ आगे बढ़ें बल्कि नई ऊंचाई प्राप्त करें : मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि हमने 30,000 से ज्यादा अनुपालन को कम करके, 1500 से ज्यादा कानूनों को समाप्त करके, कंपनीज एक्ट के अनेक प्रावधानों को अपराधीकरण मुक्त करके, हमने ये सुनिश्चित किया है कि भारत की कंपनियां न सिर्फ आगे बढ़ें बल्कि नई ऊंचाई प्राप्त करें।

स्वच्छ भारत अभियान ने गरीब को सम्मान से जीने का अवसर दिया

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान ने गरीब को सम्मान से जीने का अवसर दिया। पक्के घर, बिजली, गैस, पानी, मुफ्त इलाज जैसी सुविधाओं ने गरीब की गरिमा बढ़ाई और सुविधा बढ़ाई। कोरोना काल में मुफ्त राशन की योजना ने 80 करोड़ से अधिक देशवासियों को भूख की आशंका से मुक्ति दिलाई।

कानपुर हिंसा के संदिग्धों की तस्वीर सामने आई

पुलिस ने 40 उपद्रवियों की फोटो जारी की; कहा- अभी और चेहरे सामने आएंगे

कानपुर: कानपुर में हुए बवाल और हिंसा में शामिल 40 संदिग्धों का पोस्टर जारी किया गया है। वहीं मामले में कानपुर पुलिस ने ट्विटर और फेसबुक पोस्ट से सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने के आरोप में 15 हैंडल्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। कानपुर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 3 जून को हुए बवाल और हिंसा में शामिल 40 संदिग्धों का पोस्टर जारी किया है। साथ ही लोगों से संदिग्धों की तलाश में मदद करने की अपील की। पोस्टर में फोन नं. 9454403715 अंकित किया गया है। साथ ही लिखा है कि संदिग्धों के बारे में सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी। मामले में कानपुर पुलिस ने ट्विटर और फेसबुक पोस्ट से सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने के आरोप में 15 हैंडल्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। बवाल और हिंसा में आईएस-273 गैंग समेत शहर के कई बड़े अपराधी शामिल थे। पुलिस ने गैंग के सक्रिय

बदमाश अफजाल समेत करीब एक दर्जन को आरोपी बनाया है। इन सभी की धरपकड़ शुरू हो गई है। एक-दो को पुलिस ने हिरासत में भी ले लिया है। ये लोग बड़े पैमाने पर हिंसा फैलाने वाले थे। गनीमत रही कि पुलिस बल ने समय रहते बवाल पर काबू पा लिया। पुलिस की अब तक की जांच में हयात जफर हाशमी के संगठन के अलावा पीएफआई का नाम सामने आया है। साक्ष्य भी पुलिस ने जुटाए हैं। इस बीच पुलिस की तफ्तीश में खुलासा हुआ कि आईएस-273 गैंग के अफजाल की बड़ी भूमिका रही है। इसके अलावा सबलू, बाबर, इजरायल आटा, फरहान कालिया, फैज, सुफिया कनखड़ा, जैन, मासूम, नसीम उर्फ बंटी, गुड्डू रियासत, दिलशाद, गलरेज, तल्हा अंसारी जैसे अपराधियों के नाम सामने आए हैं। आईस-273 वही गैंग है जो पहले डी-टू गैंग था। 2010 में डी-टू गैंग खत्म कर नया गैंग बनाया था। हिंसा के दिन ही 18 उपद्रवियों को दबोच लिया गया था। शनिवार को ये सभी जेल भेजे गए थे। वहीं शनिवार सुबह पुलिस ने लखनऊ से हिंसा के मास्टर माइंड हयात जफर हाशमी व उसके साथी जावेद खान, मोहम्मद राहिल व सूफियान को गिरफ्तार किया था। इन चारों आरोपियों से रातभर पूछताछ की गई।

राहुल आज मूसेवाला के परिवार से करेंगे मुलाकात

चंडीगढ़: कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को पंजाब के मानसा के मूसा गांव आएंगे। वे दिवंगत गायक और पार्टी नेता सिद्धू मूसेवाला के परिवार से मुलाकात करेंगे। इससे पहले मूसेवाला के घर सांत्वना देने के लिए नेताओं का पहुंचना जारी है। सोमवार को राजस्थान कांग्रेस के नेता सचिन पायलट और हरियाणा आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद डॉ. अशोक तंवर अपने परिवार सहित मूसेवाला के निवास स्थान पर पहुंचे और मूसेवाला की हत्या की निंदा करते हुए शोकग्रस्त परिवार को ढांढस बंधाया। डॉ. तंवर ने कहा कि सिद्धू मूसेवाला ने छोटी आयु में ही विश्वभर में नाम कमाया और लाखों-करोड़ों की फैन संख्या हासिल की।

मूसेवाला की रेकी करने वाला अरेस्ट

फैन बनकर की गई थी मूसेवाला की रेकी

चंडीगढ़: सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में बड़ा खुलासा हुआ है। पंजाब पुलिस ने 8 शार्प शूटर्स की पहचान कर ली है। ये पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। सभी शार्प शूटर्स गैंगस्टर लॉरेंस गैंग के हैं। पंजाब पुलिस को शक है कि इन्हीं ने 29 मई को मानसा में पंजाबी सिंगर की गोली मारकर हत्या की थी। इस बीच, पंजाब पुलिस ने मानसा से केकड़ा नाम के शख्स को गिरफ्तार किया है। इसी ने फैन बनकर मूसेवाला की रेकी की थी। उसने ही शार्प शूटर्स को मूसेवाला की मूवमेंट की खबर दी थी।

इधर, बाकी शूटर्स की पहचान होने के बाद अब इन 4 राज्यों की पुलिस इनकी तलाश में जुट गई है। इन्हें हथियार और गाड़ियां देने वाले, हत्या से पहले रुकने के लिए इन्हें ठिकाना उपलब्ध कराने वालों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है।

फैन बनकर की गई थी मूसेवाला की रेकी: पंजाब पुलिस ने रेकी करने वाले जिस केकड़ा नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है, वह सिरसा के कालियांवाली का रहने वाला है। वह अपने एक दोस्त के साथ फैन बनकर मूसेवाला के घर गया था। उसने वहां चाय पी और बाद सेल्फी भी ली। केकड़ा ने ही हत्यारों को बताया कि मूसेवाला थार जीप में जा रहे हैं। वे गनमैन और बुलेट प्रूफ फॉर्च्यूनर भी नहीं लेकर गए हैं। इसके बाद थोड़ी दूरी पर पहुंचते ही मूसेवाला की हत्या कर दी गई।

मूसेवाला हत्याकांड में ये 8 शूटर्स शामिल: पंजाब पुलिस के मुताबिक, मूसेवाला हत्याकांड में पंजाब के तरनतारन जगरूप सिंह रूपा और मनप्रीत मन्नू, हरियाणा के सोनीपत का प्रियवर्त फौजी और मनप्रीत भोलू, महाराष्ट्र के पुणे का रहने वाला संतोष जाधव और सौरव महाकाल, राजस्थान के सीकर का सुभाष बानूड़ा, पंजाब के बठिंडा का हरकमल सिंह रानू शामिल थे। हत्या से 3 दिन पहले यह सब कोटकपूरा हाइवे पर इकट्ठा हुए थे।

सत्येंद्र जैन के घर फिर ईडी ने मारा छापा

नई दिल्ली: प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार सुबह दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन के घर सहित 7 ठिकानों पर छापा मारा। सत्येंद्र जैन पर मनी लॉन्ड्रिंग केस दर्ज है और वे 9 जून तक एऊकी हिरासत में हैं। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में जैन के घरों और कुछ अन्य जगहों पर छापेमारी की जा रही है। 57 साल के जैन को 30 मई को गिरफ्तार किया गया था। आय से अधिक संपत्ति और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जैन, उनकी पत्नी पूनम जैन और अन्य पर मामला दर्ज किया। जैन ने कथित तौर पर दिल्ली में कई शेल कंपनियां बनाई या खरीदी थीं। उन्होंने कोलकाता के तीन हवाला ऑपरेटर्स से 54 शेल कंपनियों के जरिए 16.39 करोड़ का काला धन भी ट्रांसफर किया।

क्यों गिरफ्तार हुए मंत्री जैन: सत्येंद्र जैन को ईजी ने अगस्त 2017 में उनके खिलाफ सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन द्वारा दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग के केस के तहत अरेस्ट किया है। पिछले महीने एऊ ने जैन परिवार और उनसे जुड़ी कंपनियों की 4.81 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की थी। 2018 में भी इस मामले में एऊने सत्येंद्र जैन से पूछताछ की थी।

जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे जैन: सत्येन्द्र जैन की गिरफ्तारी की बड़ी वजह यह भी सामने आई है कि वो ईडी को जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे। मामले से जुड़ी जानकारियां जांच एजेंसी से छुपा रहे थे। इस मामले को चलते करीब आठ साल हो गए हैं।

सशस्त्र बलों को मिलेंगे आधुनिक हथियार

सशस्त्र बलों के लिए खरीदे जाएंगे आधुनिक हथियार

नई दिल्ली: रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक हुई। रक्षा अधिग्रहण परिषद द्वारा 'बाय इंडियन एंड बाय एंड मेक इंडियन' कैटगरी के तहत 76,390 करोड़ रुपये की राशि के सशस्त्र बलों के पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। रक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रक्षा अधिकारियों के मुताबिक, "भारतीय सेना के लिए डीएसी ने रफ टेरेन फोर्क लिफ्ट ट्रक, ब्रिज बिछाने वाले व्हील टैंक, स्वदेशी स्त्रोतों के माध्यम से टैंक रोधी निर्देशित मिसाइलें और हथियार का पता लगाने वाले रडार के साथ बख्तरबंद लड़ाकू वाहन की खरीद की जरूरत के लिए नई स्वीकृति प्रदान की है।" अधिकारियों के मुताबिक, "भारतीय नौसेना के लिए डीएसी ने 36000 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर अगली पीढ़ी के कार्वेट (एनजीसी) की खरीद के लिए जरूरी स्वीकृति प्रदान की है। इन एनजीसी का निर्माण भारतीय नौसेना के नए इन-हाउस डिजाइन के आधार पर निर्माण की नवीनतम तकनीक का उपयोग करके किया जाएगा।" उन्होंने बताया कि "डीएसी ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा डोर्नियर एयरक्राफ्ट और एसयू-30 एमकेआई एयरो इंजन के निर्माण के लिए विशेष स्वदेशीकरण बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया।"

रेल यात्री दें ध्यान: टिकट बुकिंग नियम में बदलाव

नई दिल्ली: अब रेल यात्री ज्यादा ऑनलाइन टिकट बुक कर सकेंगे।

रेल मंत्रालय ने कहा, जिन आईआरसीटीसी यूजर्स की लॉगिन आईडी आधार से लिंक नहीं है उनकी एक महीने में ऑनलाइन टिकट बुक करने की संख्या को 6 से बढ़ाकर 12 कर दिया गया है।

वाराणसी सीरियल ब्लास्ट: वलीउल्लाह को फांसी की सजा

वाराणसी सीरियल ब्लास्ट: वलीउल्लाह को फांसी की सजा

गाजियाबाद: वाराणसी सीरियल ब्लास्ट मामले में अदालत ने फैसला सुना दिया है। गाजियाबाद की अदालत ने बमकांड के दोषी वलीउल्लाह को फांसी की सजा सुनाई है। सात मार्च 2006 को वाराणसी में सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे। कोर्ट ने संकटमोचन मंदिर में विस्फोट व दशाश्वमेध मार्ग पर बम बरामद होने के मामले में वलीउल्लाह को दोषी माना। वाराणसी बम कांड में दोषी वली उल्लाह को न्यायाधीश जितेंद्र सिन्हा ने हत्या, आतंक फैलाना, विस्फोटक सामग्री का प्रयोग करना और हत्या के प्रयास के मामले में सजा-ए-मौत सुनाई है। उसने सजा के प्रश्न पर सुनवाई के दौरान अदालत से कहा कि घर मे 80 वर्ष की बूढ़ी मां, पत्नी, बेटा और बेटी की आर्थिक हालत खराब है। घर मे कोई कमाने वाला नहीं है। मदरसे में बच्चों को तालीम देकर गुजर-बसर करता था। जेल में उसका आचरण सही था, इसलिए उसे कम से कम सजा दी जाए। अदालत ने कैंट रेलवे स्टेशन पर हुए बम विस्फोट मामले में साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया था।

सात मार्च 2006 की वह भयावह शाम में जगह-जगह पड़े मांस के लोथड़ों के बीच शुरू हुई पड़ताल में दहशतगर्दों तक पहुंचने के लिए पुलिस के पास कोई सुराग तक नहीं था।

2026 में दौड़ेगी पहली बुलेट ट्रेन: रेल मंत्री

सूरत: गुजरात की राजधानी अहमदाबाद और महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के बीच बुलेट ट्रेन चलाने के प्रोजेक्ट पर मोदी सरकार खासा ध्यान दे रही है। यही कारण है कि सोमवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेल राज्य मंत्री दर्शना जरदोश प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों की टीम के साथ सूरत से लेकर नवसारी तक बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट की लाइन का जायजा लेने पहुंचे। इस मौके पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वे 2026 में गुजरात के सूरत और बिलिमोरा के बीच देश की पहली बुलेट ट्रेन चलाने के लक्ष्य को हासिल करने के प्रति आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा कि इस दिशा में काफी अच्छी तरह से काम हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि अहमदाबाद और मुंबई के बीच बुलेट ट्रेन के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण में अच्छी प्रगति हुई है और काम तेज गति से किया जा रहा है

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को सूरत के चोयार्सी तालुका में वकटाना गांव के पास मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर के एक खंडीय कास्टिंग यार्ड के संचालन का निरीक्षण किया। इसके अलावा परियोजना के तहत निमार्णाधीन अंतोली रेलवे स्टेशन का भी दौरा किया। इसके बाद वे रेल राज्य मंत्री दर्शन जरदोश के साथ नवसारी के नसीलपुर भी गए जहां उन्होंने परियोजना स्थल का भी दौरा किया।



रेलमंत्री ने दी जानकारी: निरीक्षण के बाद रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए 61 किलोमीटर मार्ग पर खंभे लगाए गए हैं और लगभग 150 किलोमीटर के मार्ग पर काम चल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि 508 किलोमीटर लंबे इस प्रोजेक्ट का 91 फीसदी हिस्सा एलिवेटेड है सिर्फ चार किलोमीटर लंबी लाइन जमीन पर है। उन्होंने बताया कि सात किलोमीटर हिस्सा महाराष्ट्र में समुद्र के अंदर से होकर गुजरेगा।

जम्मू: डोडा के वासुकी नाग मंदिर में तोड़फोड़

जम्मू-कश्मीर: जम्मू-कश्मीर में डोडा जिले के भदरवाह में बने प्राचीन वासुकी नाग मंदिर में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। भदरवाह को भद्रकाशी भी कहा जाता है। यहां वासुकी नाग मंदिर में तोड़फोड़ की गई। सुबह पुजारी के पहुंचने पर घटना का पता चला।

मूर्तियां खंडित हो गई हैं: जब पुजारी मंदिर पहुंचे तो दरवाजे, खिड़कियां टूटे मिले। मूर्तियां खंडित थीं और नीचे पत्थर पड़े थे। खबर फैलते ही मंदिर के बाहर

भीड़ जमा हो गई। हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया है। उन्होंने कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि वासुकी नाग मंदिर में तोड़फोड़ की एक फोटो सामने आई है। जांच के लिए पुलिस की विशेष टीम मौके पर भेजी गई है।

खबर संक्षेप

यमुनापार विकास समिति के नेतृत्व मे लापर क्षेत्र का विशेषज्ञों द्वारा भ्रमण आज

कोरांव। यमुनापार मे लापर नदी एवं बेलनघाटी सभ्यता के बारे में विस्तृत सर्वेक्षण करने एवं उसके बारे मे शासन प्रशासन को अवगत कराने हेतु मंगलवार को समिति के पदाधिकारियों के अगुवाई मे विशेषज्ञो की एक टीम कोरांव पहुच रही है। उक्त जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि सर्वेक्षण टीम मे मुख्य रूप से समाजसेवी नदी पुरुष समाज शेखर, प्रयागराज पर्यटन एवं सामाजिक विकास संस्थान के मंत्री शरद मिश्रा, यमुनापार विकास समिति के उपाध्यक्ष खेमराज सिंह, महामंत्री सुरेश कुमार कुशवाहा, एस पी सिंह पत्रकार के साथ विशेषज्ञ शामिल रहेगें।

सरकारी जमीन पर कब्जा व मकान निर्माण पर मुकदमा दर्ज

मऊआइमा। सरकारी जमीन पर कब्जा करके निर्माण करने पर जब लेखपाल ने मना किया तो निर्माण कार्य और तेज कर दिया गया। लेखपाल ने तीन के खिलाफ लोक सम्पत्ति क्षति निवारण का मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बालाडीह में सरकारी जमीन पर कब्जा करके मकानों के निर्माण की सूचना पर जब लेखपाल पहुंचा और मना किया तो निर्माण कार्य और तेज कर दिया गया। लेखपाल रूप नारायण तिवारी ने मऊआइमा थाने में पूजा यादव पत्नी लालजी, कमल सिंह तथा दीवान सिंह पुत्रगण पन्नालाल के खिलाफ लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया है।

सिरसा गंगा फेरी घाट पर डूबा किशोर हुई मौत

डूबे युवक के शव को गंगा नदी से बाहर निकालकर ले जाते लोग

अखंड भारत संदेश

सिरसा। मेजा थाना क्षेत्र के सिरसा पुलिस चौकी अंतर्गत गंगा फेरी घाट पर परिजनों के साथ गंगा पूजन करने गया किशोर डूब गया। जिसे लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की जानकारी पर पहुंचे सिरसा पुलिस चौकी के उप निरीक्षक अमृत जायसवाल ने स्थानी गोताखोरों की मदद से किशोर को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

मिली जानकारी के अनुसार मेजा खास निवासी प्रदीप गुप्ता उर्फ छोटू 14 वर्ष पुत्र शिव बाबू गुप्ता सोमवार सुबह 9:30 बजे अपने परिजनों के साथ सिरसा गंगा घाट पर गंगा पूजन

स्थानीय गोताखोरों के माध्यम से शव को निकाला गया गंगा से बाहर

के लिए गया था।जहां स्नान करने के दौरान वह गहरे पानी में समा गया और किशोर डूब गया। इस दौरान घाट पर हड़कंप मच गया सूचना होने पर पहुंचे सिरसा पुलिस चौकी के उप निरीक्षक अमृत जायसवाल के स्थानीय गोताखोरों की मदद से किशोर को बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। किशोर की मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया वहीं पुलिस चौकी सिरसा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इस घटना से गंगा नहाने वाले स्नार्थियो में भय व निराशा देखने को मिला है।

आमने सामने पिकप की जोरदार टक्कर से बाइक चालक की मौत

अखंड भारत संदेश

रत्योंरा। स्थानीय थाना अंतर्गत भारतगंज प्रतापपुर मुख्य मार्ग पर बिरहा करपिया गांव के पास आमने सामने अनियंत्रित होकर पिकप चालक ने बाइक चालक को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे घायल ब्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।और बाइक भी छतिग्रस्त हो गई पिकप चालक गाड़ी लेकर भागने की कोशिश की किन्तु रत्योंरा बाजार में स्थानीय लोगों की मदद से पिकप को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। और चालक फरार हो गया स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची कोरांव पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया घटना की सूचना मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक राजबहादुर पुत्र तिलक राज निवासी ग्राम झूलनी मझिगवां थाना कोरांव की मौके पर ही मृत्यु हों गई । मृतक एक बहन और दो भाई में से दूसरे नंबर का था। मृतक राजबहादुर दो बच्चों का पिता भी था जो कहीं से बारात कर सुबह अपनी बहन के यहां देवी बांध गांव में आया हुआ

रत्योंरा कोरांव मार्ग बिरहा गाँव के समीप घटी घटना, बहन के यहाँ से घर जा रहा था मृतक

था और अपने घर झूलनी मजगामा की ओर जा रहा था की बारात का सामान लेकर सोमवार दोपहर 12बजे के करीब बिरहा करपिया के पास सामने से पिकअप तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित होकर जोरदार टक्कर बाइक चालक को मार दिया जिससे बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। और बाइक छतिग्रस्त हुई।

करंट की चपेट में आ जाने से राजगीर की मौत परिवार में छाया मातम

नैनी प्रयागराज। कोतवाली क्षेत्र के चीनी मिल मलीन बस्ती में रविवार देर शार शाम रमेश भारतीय (45) की करंट लगने से मौत हो गई।वह राजगीर का काम करता था। रविवार देर शाम रमेश घर में कूलर की रिपेयरिंग कर रहा था। उसी दौरान करंट की चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया आनन-फानन में अरैल स्थित निजी अस्पताल गये जहां उसे डॉक्टरों ने एसआरएन के लिए रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।बता दे की राजगीर शादीशुदा था उसके तीन बच्चे हैं।

ग्रामीणों के सहयोग से पकड़ा गया पिकअप

भारतगंज प्रतापपुर मुख्य मार्ग पर बिरहा करपिया के पास अनियंत्रित पिकअप चालक बाइक सवार को टक्कर मारकर मौके पर से फरार होने का कुत्सित प्रयास करते हुए भागने की फिराक में अनियंत्रित तरीके से चलाते हुए भागने का भरसक प्रयास करता रहा। लेकिन ग्रामीणों के सहयोग से रत्योरा मोड़ चौराहे के पास पकड़ लिया मौके की स्थिति का फायदा उठाते हुए पिकअप चालक भागने में कामयाब रहा । इलाकाई पुलिस को सूचना देकर पिकप को कोरांव पुलिस के हवाले ग्रामीणों ने समानलादा पिकप सौप दी ।सूचना पाते हैं इलाकाई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मौके पर परिजनों का रो रो कर के बुरा हाल देखा गया।

50 हजार दो वरना वीडियो कर दूंगा वायरल

प्रयागराज। एक शोहदा सोहबतिया बाग में रहने वाली एक छात्रा का आपत्तिजनक वीडियो और फोटो लेकर उसको ब्लैकमेल कर रहा है। धमकी दी है कि अगर 50 हजार रुपये नहीं दिए तो उसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर देगा। छात्रा के पिता की शिकायत पर जार्जटाउन पुलिस संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करके जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि छात्रा के मोबाइल नंबर पर एक अंजान व्यक्ति ने कॉल किया और उसे झांसा देकर बैंक खाते से रुपये उड़ा दिए। इसके बाद कॉल करने पर कहा कि उसकी एक फोटो मिल जाए तो वह रुपये वापस कर देगा। छात्रा डर गई। इस बीच वीडियो कॉल करके साइबर शातिर ने छात्रा को अपना शिकार बना लिया। उसका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। फिर उसे वीडियो के नाम पर ब्लैकमेल करने लगा। छात्रा ने उसका नंबर ब्लॉक कर लिया। लेकिन इससे पूर्व शातिर ने छात्रा का मोबाइल हैक कर लिया था। उसके कांटेक्ट से अन्य लोगों को आपत्तिजनक मैसेज करने लगा था। छात्रा के पिता को उनके रिश्तेदार से इस ब्लैकमेलिंग और आपत्तिजनक मैसेज के बारे में जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने जार्जटाउन पुलिस से मदद की गुहार लगाई। मोबाइल नंबर की मदद से पुलिस ब्लैकमेलिंग करने वाले की तलाश कर रही है।

विकलांग दंपति पर पड़ोसी की बुरी नजर विरोध पर की पिटाई

न्याय के लिए अधिकारियों की चौखट पर लगा रहे हैं चक्कर

अखंड भारत संदेश

करछना। करछना थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत निरिया एक परिवार में दंपति दोनों पति-पत्नी विकलांग है तथा रोजी रोटी के लिए पति बाहर रहता है तथा उसकी विकलांग पत्नी मोनी बानो अकेले घर पर रहती है जिस पर पड़ोसी मदनलाल पुत्र महबूब अली गंदी नियत रखता था जिसका विरोध करने पर विकलांग दोनों पति पत्नी को पड़ोसी ने जमकर मारा पीटा पुलिस से शिकायत करने पर आरोपी को पकड़कर थाने ले जाकर छोड़ दिया गया, तथा वही उस विकलांग दंपति को दबंग पड़ोसी जान से मारने की दे रहा है धमकी जिसकी शिकायत सोमवार को पति पत्नी बैसाखी के सहारे करछना ब्लॉक में पहुंचकर ब्लाक प्रमुख करछना प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी से आपबीती सुनाई जिस पर उन्होंने थाना प्रभारी करछना को निर्देशित करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दंपति परिवार की सुरक्षा किए जाने का भरोसा दिलाया वहीं पुलिस मामले में लीपापोती करने की में जुटी हुई है जिससे दंपति परिवार उच्च अधिकारियों से जान मान कीं रक्षा की फरियाद की है।

रंजिश बस युवक को लाठी-डंडों से जमकर की पिटाई की शिकायत

करछना। थाना क्षेत्र के नौवा गांव निवासी प्रेम शंकर पुत्र शिव बहादुर साइकिल से जा रहा था कि रास्ते में सजई गांव निवासी दो लोगों ने रोक कर लाठी-डंडे और धारदार हथियार से जमकर पिटाई कर दी तथा पास में युवक के नगदी और मोबाइल भी छीन लिए जिसकी शिकायत भुक्तभोगी ने संबंधित थाने में किया लेकिन पुलिस नामजद आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जिस पर आहत पीड़ित ने उच्च अधिकारियों से अपील की है कि आए दिन उसके पड़ोसी चंद्रमा प्रसाद आदि लोगों द्वारा प्रताड़ित किया जाता है और कई बार हमला भी कर चुके हैं तथा स्थानीय करछना पुलिस कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं करती पीड़ित ने उच्च अधिकारियों से अपनी जान माल की सुरक्षा हेतु न्याय की गुहार लगाई है।

सोमवार को मनकामेश्वर मंडल लालापुर पीएचसी पर महिलाओं को वितरित किया गया सैनिटरी पैड

लालापुर। महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती सबिता शर्मा के आवाह्न पर सोमवार जून को यमुनापार प्रयागराज के सीएचसी एवम पीएचसी पर महिलाओं को सैनिटरी पैड वितरित किया गया जिसके क्रम में लालापुर पीएचसी पर भी इस कार्यक्रम को सम्पपन्न किया गया प्रधान शंकरलाल पाण्डेय एवम मंडल अध्यक्ष वन्दना सिंह के नेतृत्व में यह कार्यक्रम हुआ महिला मोर्चा के पदाधिकारी में मंडल अध्यक्ष उमापति, उपाध्यक्ष सीता सिंह ,मंडल महामंत्री कप्तान सिंह,उपाध्यक्ष विजय बहादुर भदौरिया, मीडिया बंधुओ में मनोज त्रिपाठी,दीपक पाण्डेय ,सूचना प्रमुख इंद्रेश सिंह आदि मौजूद रहे इस कार्यक्रम में डॉ विनोद सिंह ने साफ सफाई एवम विभिन्न बीमारियों के विषय पर चर्चा की,साथ ही एलएचवी गीता सिंह ने सनेटरी पैड के महत्व को बताया। इस अवसर पर क्षेत्र की तमाम महिलाएं आशा बहुवें एवं लड़कियां उपस्थित रहीं।

न्यूज झरोखा

युगल किशोर राधा कृष्ण मंदिर का सातवां स्थापना दिवस संपन्न

महिला कलाकारों की ओर से भजन संध्या की हुई सुंदर प्रस्तुतियां

करछना। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति की ओर से नैनी के त्रिवेणी नगर स्थित राधाकृष्ण मंदिर का 7 वां स्थापना दिवस रविवार को हर्षोल्लास के सहित बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें जन कल्याण हेतु आचार्य जनों की मौजूदगी में एक दिनी अनुष्ठान भी संपन्न हुआ। कलाकारों की ओर से मंदिर परिसर में भव्य विद्युत झालरों से साज-सज्जा की गई थी । जो कि दर्शनीय के साथ लोगों को आकर्षित करती रही । वहीं महिलाओं की ओर से देर शाम तक भजन संध्या की सुंदर प्रस्तुतियां भी होती रही । राधा रानी समेत भगवान श्री कृष्ण की सामूहिक रूप से आरती भी की गई । वहीं देर शाम को लोगों में सामूहिक रूप से प्रसाद भी वितरित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक व संयोजक कथावाचक व ज्योतिषी आचार्य हरिहर जी महाराज ने मंदिर के सप्तम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शिरकत किए सभी भक्त जनों के प्रति आभार जताया । इस मौके पर पुजारी मिश्री लाल पुरोहित चन्द्र विजय पांडेय डॉ सुभाष चंद्र प्रभंजन प्रसाद प्रधानाचार्य केशवेंद्र सिंह जितेंद्र गिरी आशुतोष मिश्रा कुलदीप त्रिपाठी सुधीर पांडेय शिवम मिश्रा सहित आदि लोग मौजूद रहे।

योगी जी के जन्मोत्सव पर त्रिवेणी संगम तट

पर भव्य आरती व दीपोत्सव सम्पन्न हुआ

नैनी, प्रयागराज। विश्व हिन्दू महासंघ प्रयागराज के द्वारा रविवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष व गोरक्ष पीठाधीश्वर पूज्य योगी आदित्य नाथ जी महाराज के जन्मोत्सव पर त्रिवेणी संगम तट पर भव्य आरती व दीपोत्सव सम्पन्न हुआ।जिसमें मौजूद लोगों में मातृशक्ति की प्रदेश मन्त्री डाक्टर रमा सिंह, जिलाध्यक्ष राजकुमार केशरवानी, जिला महामन्त्री आशुतोष त्रिपाठी, आनन्द वैश्य,महानगर अध्यक्ष पण्डित धीरज शर्मा, महामन्त्री इं कुलदीप केशरवानी,मातृशक्ति जिलाध्यक्ष रोशनी अग्रवाल,मीनू पाण्डेय, महानगर अध्यक्ष सुनीता चोपड़ा, महामन्त्री शिखा खन्ना, बृजेन्द्र त्रिपाठी,मुन्ना सहित

अशासकीय कॉलेजों को मिले 47 असिस्टेंट प्रोफेसर

प्रयागराज। प्रदेश केअशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों को तीन विषयों में 47 असिस्टेंट प्रोफेसर मिल गए हैं। उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग (यूपीएचईएससी) ने शनिवार को असिस्टेंट प्रोफेसर सैन्य विज्ञान के 42 पदों, असिस्टेंट प्रोफेसर एशियन कल्चर का एक पद और असिस्टेंट प्रोफेसर भूगर्भ विज्ञान के चार पदों का अंतिम चयन परिणाम जारी कर दियाअसिस्टेंट प्रोफेसर सैन्य विज्ञान के अनारक्षित वर्ग के 23 पदों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के चार, अन्य पिछड़ा वर्ग के 10 एवं अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित पांच पदों पर भर्ती के लिए एक से चार जून तक आयोजित साक्षात्कार में 172 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें 158 अभ्यर्थी इंटरव्यू में शामिल हुए। वहीं, असिस्टेंट प्रोफेसर एशियन कल्चर के एक अनारक्षित पद के लिए चार जून को हुए इंटरव्यू में बुलाए गए सभी तीन अभ्यर्थी शामिल हुए।

चार जून को हुआ था साक्षात्कार :

असिस्टेंट प्रोफेसर भूगर्भ विज्ञान के चार पदों में एक पद आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, एक पद अन्य पिछड़ा वर्ग और दो पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। चार जून को पूरे हुए साक्षात्कार में 13 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से 11 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। आयोग की सचिव वंदना त्रिपाठी के अनुसार औपबंधिक रूप से चयनित जिन अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार के समय वांछित अभिलेख आयोग कार्यालय को उपलब्ध नहीं कराए हैं, वे 25 जून तक अभिलेख आयोग में प्रस्तुत कर दें, वरना चयन स्वतः निरस्त हो जाएगा और अभ्यर्थन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

मुकदमा वापस न लेने पर पति ने पत्नी को दी जान से मारने की धमकी

मऊआइमा। दहेज प्रथा का चल रहा मुकदमा वापस न लेने पर पति ने पत्नी को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सरायजोधराय निवासनीय चन्द्रकांति देवी पुत्री कृष्णा प्रसाद का कहना है कि उसकी शादी ग्राम प्रीतमपुर संडिला रानीगंज प्रतापगढ़ निवासी विकास कुमार शुक्ला के साथ हुई थी। चन्द्रकांति का आरोप है कि दहेज के कारण उसे मारा पीटा गया तो उसने पति सहित ससुरालियों के खिलाफ दहेज प्रथा का मुकदमा दर्ज करा दिया था। आरोप है कि चल रहे मुकदमा को वापस न लेने पर पति विकास शुक्ला ने गालियां दी व जान से मारने की धमकी दी। मऊआइमा पुलिस ने विकास शुक्ला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे ने किया आयोजन

अखंड भारत संदेश

कोराव। ग्रामीण आपूर्ति विभाग जल जीवन मिशन के अंतर्गत आज सोमवार को विकासखंड कोरांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का संचालन कर रहे अतुल पाण्डेय ने बताया कि विकासखंड की समस्त ग्राम पंचायतों में विभिन्न गतिविधियों, जल जांच, नुक्कड़ नाटक, सोशल मैपिंग, बैठक आदि फिल्म प्रोजेक्टर तथा स्वच्छता मेला के माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्रों पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण आम जनमानस को पेयजल की स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। दूषित पानी से होने वाली बीमारियों व रोगों से बचाव हेतु जागरूक करते हुए जल संरक्षण पर

हरी झंडी दिखाते ब्लॉक अधिकारी

विशेष बल दिया जा रहा है साथ ही शासन द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में पाइप लाइन के द्वारा हर घर को शुद्ध पेयजल पहुंचाने एवम् इसकी महत्ता को बताया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित खण्ड बिकास अधिकारी मुकेश कुमार सिंह व सहायक विकास अधिकारी (कृषि) सुरेंद्र लाल श्रीवास्तव ने टीम को हरी झंडी दिखाकर ग्राम पंचायतों के लिए रवाना किया । कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में सुभाष कुमार, अशोक सिंह, अनिल सक्सेना, अंवरीश शर्मा, संजय मिश्र, जितेंद्र कौशल, रुखसार, अशोक कुमार तथा अनिल कुमार के साथ कई क्षेत्रीय ग्राम प्रधान व अन्य विशिष्ट लोग मौजूद रहे।

बीआरसी उरुवा में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण का कार्यक्रम संपन्न

अखंड भारत संदेश

मेजा रोड। विकास खंड उरुवा के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का कल से शुभारंभ हुआ। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष मंत्रालय ने घोषणा की है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 8वें संस्करण को मानवता के लिए योग (योग फॉर ह्यूमैनिटी) विषय (थीम) के साथ मनाया जाएगा। 8वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2022 को भारत तथा संपूर्ण विश्व में आयोजित होने जा रहा है। आयुष मंत्रालय ने 21 जून 2022 को भारत तथा संपूर्ण विश्व युद्ध में आयोजित होने वाले 8वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 के लिए मानवता के लिए योग विषय वस्तु (थीम) का चयन किया है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 की थीम मानवता के लिए योगहै। जिसके लिए मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज ने सभी विभागों के साथ एक बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया है और उसी में शिक्षा विभाग के लगभग 1900 शिक्षकों को 6 जून से 11 जून तक मुख्यालय स्तर एवं विकास खंड स्तर पर आयोजित होने वाले योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए जिला बेसिक

जिला स्तर पर नामित योगा ट्रेनर डॉ.के.एल.कुशवाहा,मुकेश शुक्ला,चंद्रशेखर व अर्जुन सिंह दे रहे है प्रशिक्षण

शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है। उसी क्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर अपने-अपने विकास खंड में शिक्षकों,अनुदेशकों व शिक्षामित्रों को अधिक से अधिक संख्या में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित किया है। वहीं बीआरसी उरुवा कार्यालय में सुबह बड़े ही सुव्यवस्थित ठंग से जिला व ब्लॉक स्तर पर नामित योग के मास्टर ट्रेनर डॉ.के.एल.कुशवाहा (आयुर्वेद विभाग), मुकेश शुक्ला, चंद्रशेखर भारतीया, अर्जुन सिंह (सभी शिक्षा विभाग) द्वारा शिक्षकों को बहुत ही अच्छे ढंग से योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर मुकेश शुक्ला ने बताया कि महामारी के दौरान आयोजित विगत वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का थीम योग फॉर वेलनेस था। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (इंटरनेशनल डे ऑफ योगा/आईडीवाई की विषय वस्तु उचित रूप से चित्रित करता है कि किस प्रकार कोविड-19 महामारी के चरम के दौरान,योग ने कष्टों को कम करने एवं कोविड-19 पश्चात उभरते हुए भू-राजनीतिक परिदृश्य में भी मानवता की सेवा की। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 की थीम करुणा,दया के माध्यम से लोगों को एक साथ लाएगी व एकता की भावना को प्रोत्साहित करेगी एवं दुनिया भर के लोगों के मध्य लोचशीलता उत्पन्न करेगी। आजादी का अमृत महोत्सव प्रथम बार मनाने के लिए,यह 21 जून,अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (क्क) 2022 पर 75 विरासत विरासत / प्रतिष्ठित सांस्कृतिक स्थलों पर योग का प्रदर्शन करेगा। 21 जून 2022 को संपूर्ण विश्व में बड़े उत्साह तथा ऊर्जा के साथ योग दिवस 2022 मनाया जाएगा। योग लोगों को ऊजार्वान रहने एवं कोविड-19 महामारी जैसे कठिन समय के दौरान एक सुदृढ़ प्रतिरक्षा प्रणाली बनाए रखने में सहायता कर रहा है। आयुष मंत्रालय 15 अगस्त पार्क,लाल किला,(रेड फोर्ट) के पश्च पट में सामान्य योग नवाचार के प्रदर्शन के लिए एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। जो विश्व स्वास्थ्य दिवस है तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) की उलटी गिनती का 75 वां दिन है।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 8वें संस्करण में अनेक चीजें प्रथम बार देखने को मिलेंगी, उनमें से एक गार्जियन रिंगह्न नामक एक अभिनव कार्यक्रम है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य योग का अभ्यास करने के अनेक लाभों के बारे में दुनिया भर में जागरूकता बढ़ाना है। योग भारत की पांच हजार वर्ष प्राचीन परंपरा है जो शरीर तथा मन की समरसता को प्राप्त करने के लिए शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों को जोड़ती है। आयुर्वेद विभाग से आये योगा ट्रेनर डॉ.के.एल.कुशवाहा ने बताया कि ह्ययोगह्न शब्द संस्कृत से लिया गया है एवं इसका अर्थ- शरीर तथा चेतना के मिलन का प्रतीकत्व,जुड़ना या एकीकृत होना है। समकालीन समय में,संपूर्ण विश्व में विभिन्न रूपों में इसका अभ्यास किया जाता है तथा इसकी लोकप्रियता में वृद्धि जारी है। उक्त अवसर पर बीआरसी उरुवा के कार्यालय प्रभारी रोहित त्रिपाठी, ओम प्रकाश, विजय कुमार, साकेत तिवारी, पुष्कर द्विवेदी, संतोष कुमार मिश्रा, पवन शुक्ला, रामानंद शुक्ला, दीपक कुमार, राजीव कांत, अमित कुमार आदि बड़ी संख्या में शिक्षक,अनुदेशक व शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

हैलो पापा जी यहां बीस दिन से बिजली नहीं है प्लीज हमे घर बुला लीजिए!

घूरपुर। इस भीषण तपिश में जहां पंखा कूलर जवाब दे दे रहे हैं।आम लोग बिजली रहते भी चैन से नहीं सो पा रहे है। वहीं बीस दिन जिस गांव में बिजली आपूर्ति ठप हो तो वहां के आम लोग तो किसी तरह बिता लेते हैं। लेकिन नई नवेली आईं दुल्हनों के लिए किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं है। दस पांच दिन बिजली का इंतजार करने के बाद नई नवेली चार दुल्हनो का सब्र आखिर टूट ही गया और पापा को फोन कर बिजली का मुसीबत बताते हुए बुला कर तय समय के पहले मायके चली गई। ये मामला घूरपुर के भीटा विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत इरादतगंज गांव का है। इस गांव में दो हजार से अधिक जनसंख्या हैं। इस गांव में 25 केबीए का लगा ट्रांसफार्मर 17 मई को जल गया। ग्रामीणों ने शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नंबर पर 22 मई को शिकायत दर्ज. करा संबन्धित जेई कों अवगत करा दिया। लेकिन तय समय सीमा तीन दिन के अंदर नहीं आया तो ग्रामीणों ने लगातार संबन्धित जेई और नैनी स्टोर के जेई के फोन कर ट्रांसफार्मर बदले जानें का गुहार लगाते रहे। ग्रामीणों ने बताया कि संबन्धित जेई आज आ जायेगा कल आ जायेगा और और नैनो स्टोर का जेई बदले जाने का कागजात भेजवाने की बात करता। ऐसे ही होते होते बीस दिन बीत गया लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं बदला जा सका। इस बाबत संबंधित जेई आशीष कुमार ने कहा कि आज ट्रांसफॉर्मर आ जायेगा। लेकिन समाचार लिखे जाने तक जला हुआ ट्रांसफार्मर नहीं बदला सका है।

बगैर बिजली हालत बिगड़ी तो चार नई नवेली दुल्हन भी चली गई मायके : इरादतगंज गांव में बीस दिन से बिजली आपूर्ति ठप होने से सब से अधिक मुसीबत नई नवेली दुल्हनो के लिए हो गया। जो अपने कमरे से बाहर ही नहीं निकल सकती। बगैर बिजली भीषण तपिश रात दिन सहते हालत खस्ता देख सब्र टूटा तो पहले 12 दिन पूर्व आईं नई नवेली दुल्हन अपने मायके फोन कर घर वालों को बुला विदाई के तय समय सीमा के अंदर ही चली गई। देखते ही देखते आठ दिन पूर्व आईं दुल्हन का भी सब्र टूटा और और वो भी बिजली की हालत बताते हुए अपने पिता जी को बुला मायके चली गई। इसी तरह दस दिन पूर्व भी आईं दो दुल्हन भी विदाई के तय समय के अन्दर ही मायके चली गई। जिससे दूल्हे पक्ष को जलील होना पड़ा। पहली बार ससुराल पहुंची दुल्हन की विदाई की शुभ दिन पूर्व मे ही निश्चित हो जाता है। और इस बीच कई रस्म और देवी देवताओं का पूजा पाठ किया जाता है। लेकिन जला हुआ ट्रांसफार्मर नहीं बदले जाने से बिजली आपूर्ति ठप होने से आधे अधूरे मे ही नई नवेली दुल्हनो को विदाई के तय समय के अंदर ही मजबूरी में जाना पड़ा।

खबर संक्षेप

सफाई कर्मचारी का वेतन काटने का दिया आदेश

प्रायगराज। काम में लापरवाही पर डीपीआरओ आलोक सिन्हा ने 19 सफाईकर्मियों का ट्रांसफर कर नो वर्क नो पे का आदेश जारी किया है। लापरवाही के कारण अप्रैल और मई का वेतन रोका गया है। साथ ही आदेश दिया गया है कि अगर तत्काल प्रभाव से नई जगह ज्वाइन न किया तो उनके खिलाफ अनुशास्नात्मक कार्रवाई की जाएगी।

पीसीएस अफसर पर जमीन कब्जा करने का लगा आरोप

प्रयागराज। छोटा बघाड़ा की एक महिला ने एक पीसीएस अफसर पर जमीन कब्जाने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि बघाड़ा क्षेत्र में उनके ससुर के नाम जमीन का इकरारनामा किया गया था। ससुर की मृत्यु के बाद पीसीएस अफसर ने अपने नाम पर बैनामा करा लिया। महिला ने उच्चाधिकारियों से मामले की शिकायत की है।

फाफामऊ में बस से कुचलकर असिस्टेंट प्रोफेसर की हुई मौत

अखंड भारत संदेश

घरेलू कार्य को लेकर स्कूटी से निकले थे असिस्टेंट प्रोफेसर राजीव प्रताप

घटनास्थल पर पकड़ी गई बस व मौजूद पुलिस

फाफामऊ। प्रयागराज जिले में सोमवार की सुबह सड़क हादसा हुआ। इस दुर्घटना में लखनऊ के एमईटी कालेज के असिस?टेंट प्रोफेसर राजीव प्रताप सिंह की मौत हो गई। 40 वर्षीय राजीव फाफामऊ के शांतिपुरम में स?कूटी से कहीं जा रहे थे। बस ने स?कूटी में टक?कर मारी, जिससे वे हादसे का शिकार हो गए।राजीव प्रताप सिंह ग्राम अमादपुर पोस्ट व थाना धानापुर जिला चंदौली के निवासी थे। वर्तमान में वह एमईटी कालेज लखनऊ में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे। उनकी पत्नी डा. मनीषा सिंह वर्तमान में श्यामा प्रसाद मुखर्जी डिग्री कालेज प्रयागराज में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। वह फाफामऊ के शांतिपुरम कालोनी में रहती हैं। फाफामऊ थाना क्षेत्र के प्रयागराज-लखनऊ राजमार्ग पर शांतिपुरम कालोनी चौराहे पर सोमवार कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे बजे राजीव प्रताप सिंह किसी काम से स?कूटी से जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बस ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मारी। इससे राजीव के सिर में गंभीर चोट आई। आनन-फानन में लोग उन?हें निकट के एक निजी नर्सिंग होम में इलाज के लिए भर्ती कराया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

महाविद्यालय के स्टाफ में शोक

फाफामऊ पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया और चालक को गिरफ्तार किया। घटना के बाद प्रयागराज-लखनऊ राजमार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। पति की मौत से पत्नी डा. मनीषा सिंह शोकाकुल हो गईं। वहीं फाफामऊ के डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय के तमाम प्रोफेसर और स्टाफ भी सांत्वना देने पहुंचे।

हंडिया में पिता ने बेटे को कुल्हाड़ी से काट डाला

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। प्रयागराज के सिंधौरा गांव में एक पिता ने अपने बेटे को कुल्हाड़ी से काट डाला। बाप बेटे में दो दिन पहले किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी बात से गुस्साए पिता ने बेटे पर कुल्हाड़ी से हमला किया। चीख-पुकार सुन आस पास के लोग इकट्ठा हो गए। गंभीर हालत में इलाज के लिए तुरंत स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान आज युवक की मौत हो गई। मृतक का शव घर पहुंचते ही आस पास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सरायममरेज थानांतर्गत सिंधौरा गांव के रहने हरिशंकर पाल के तीन बेटे में मृतक रवींद्र पाल उम्र 26 वर्ष दूसरे नंबर का बेटा था। पारिवारिक विवाद के चलते हरिशंकर ने अपने ही बेटे पर रविवार की सुबह कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। वहीं पिता द्वारा जानलेवा हमले के बाद अस्पताल में इलाज के दौरान घायल बेटे की मौत हो गयी। मौत की खबर मिलते ही गांव में कोहराम मच गया।

घटना के दो दिन पूर्व भी हुआ था विवाद : आरोपी का बड़ा बेटा अपनी पत्नी बच्चों के साथ के साथ मुंबई में रहता है। आरोपी भी अपने बड़े बेटे के ही साथ मुंबई में रहता था। रवींद्र अपनी पत्नी व छोटे भाई धर्मेंद्र के साथ मुंबई में ही अपने बड़े भाई से अलग रहकर काम धंधा करता था। अभी कुछ ही दिन पहले प्रतापपुर स्थित सिंधौरा गांव आया था। गांव में उसकी मां लालती देवी अकेली ही रहती है। रविंद्र के आने के दो ही दिन बाद आरोपी भी गांव आया। जिसके बाद दो दिन पहले पिता और बेटे में पारिवारिक विवाद हो गया था । पड़ोसियों ने दखल देकर झगड़े को शांत कराया था।

पिता के बगल ही सो रही थी मासूम बच्ची : घटना वाले दिन 2 साल की मासूम बच्ची अपने पापा के साथ सोई हुई थी। जानलेवा हमले में उसके पिता के शरीर से भरे खून से लथपथ हो गई थी। हालांकि बच्चे को किसी तरह की कोई चोट नहीं आई थी।

प्रेमी युगल ने मंदिर में रचाई शादी ,जिद के आगे झुके परिजन

अखंड भारत संदेश

थाने तक पहुंचा था मामला

प्रयागराज। बारा तहसील क्षेत्र में एक प्रेमी युगल ने मंदिर में शादी कर ली। परिजनों के विरोध के बावजूद दोनों जिद पर अड़े रहे। पहले तो परिजनों ने दोनों को काफी समझाया था। विवाद बढ़ने पर थाने में भी दोनों को समझाया गया था, लेकिन दोनों जिद पर अड़े रहे। सोमवार को प्रेमी युगल की जिद के आगे माता-पिता भी बेबस हो गए और मंदिर में ले जाकर परिजनों ने शादी करा दी। मामला कौंधियारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले माहीं गांव का है। यहां की रहने वाली रेशमा का गांव के ही रहने वाले अनिल के बीच लगभग 2 वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जब धीरे-धीरे इस बात की जानकारी परिजनों को हुई तो उनके द्वारा युवती को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन युवती नहीं मानी। जिस पर युवती के परिजनों ने कौंधियारा थाने में एक लिखित शिकायत की। पुलिस युवक को पकड़ कर थाने ले गई।थाने में पुलिस ने भी समझाया थाउसके बाद थाने पर ही दोनों पक्ष के लोगों का जमावड़ा हुआ। युवक और युवती को सभी समझाते-समझाते थक गए तो मां बाप ने भी बच्चों की खुशी में ही अपनी खुशी समझी। साथ ही प्रेमी युगल की शादी कराने का मन बना लिया। थाने से जाने के बाद दोनों पक्षों में पाटिलेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचकर प्रेमी युगल की परिजनों की मौजूदगी में शादी करा दी गई। वर-वधू को परिजनों ने आशीर्वाद भी दिया। मंदिर में हुई प्रेमी युगल की शादी कौंधियारा क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। कुछ लोग इसे समाज के हित में कह रहे हैं तो कुछ लोग कह रहे हैं कि यह प्रथा समाज के लिए अभिशाप है। धीरे-धीरे बच्चे जब इस तरह की हरकतें करने लगेंगे तो समाज का डर और रिश्तों का कोई महत्व ही नहीं रह जाएगा।

डीएम ने की विकास कार्यों के 37 बिंदुओं एवं निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा

अखंड भारत संदेश

समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी

प्रयागराज। जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में विकास प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को उपलब्ध धन के सापेक्ष निर्माण कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ शत-प्रतिशत पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया है। बैठक में जिलाधिकारी ने सीएनडीएस, यूपीसीडको, यूपीपीसीएल, सेतु निगम, जल निगम, राजकीय निर्माण निगम, पीडब्लूडी से सम्बंधित अधिकारियों को निमार्णाधीन कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूरा कराये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने हिदायत देते हुए कहा है कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने का निर्देश दिया है। विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता सिंचाई नहर प्रखण्ड को रोस्टर के अनुसार निर्धारित समय पर नहरों में टेल तक पानी पहुंचाये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। विद्युत विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने विभागों पर बिजली के बिल बकाया की धनराशि के भुगतान किए जाने हेतु सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए पीएम किसान सम्मान निधि में किसानों के डेटा सुधार का कार्य शीघ्रता से कराये जाने एवं खरीफ फसल बीमा के सम्बंध में आवश्यक कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया है। पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि बरसात के दिनों में बीमारियां ज्यादा फैलती है, इसलिए निराश्रित गो आश्रय स्थलों में निराश्रित गोवंशों के टीकाकरण का कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को दिया है। उन्होंने निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों में अनिवार्य रूप से खडंजा लगाये जाने का भी निर्देश दिया है। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को मॉडल गोशाला का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाने एवं इस माह में कम से कम 11 मॉडल गौशालाओं का निर्माण अनिवार्य रूप से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है।

उन्होंने निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलो में संरक्षित गोवंशों की ईयर टैगिंग का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने सामुदायिक शौचालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए शेष बचे हुए सामुदायिक शौचालयों के निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। कायाकल्प योजना के तहत प्राथमिक स्कूलों में कराये जाने वाले कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने शेष बचे हुए कार्यों को प्राथमिकता पर कराये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी तथा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत निमार्णाधीन आवासों को शीघ्रता से पूर्ण किए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। बैठक में जिलाधिकारी ने पाइप पेयजल योजनाओं, खाद्यय सुरक्षा, सामूहिक विवाह, कन्या सुमंगला योजना, पेंशन योजनाओं की समीक्षा करते हुए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी ढंग से लक्ष्य के सापेक्ष कराये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी जितेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

दबंगों ने घर में घुसकर मां-बेटी को पीटा

प्रयागराज। प्रयागराज के बारा क्षेत्र में दो पक्षों में कहासुनी हो गई। मामूली बात को लेकर दबंग पड़ोसियों ने घर में घुसकर मां-बेटियों की पिटाई की। शोर सुनकर पहुंचे आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया। दबंगों ने जाते जाते बेटियों से दुष्कर्म करने की धमकी भी दी। इससे सहमी पीड़िता पुलिस थाने पहुंची। अपनी व्यथा सुनाकर कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि घटना कौंधियारा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की है। पीड़िता ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले तीन दबंगों ने उसके घर में घुसकर मारपीट की। दबंगों ने उनकी बेटियों के साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौज किया। पीड़िता अपनी दो बेटियों के साथ थाने पर पहुंचकर लिखित शिकायत पत्र दिया है। बेटी शालिनी ने बताया कि घर में घुसे एक दबंग ने धमकी दी कि वह अगर दोबारा कुछ बोली तो उसके साथ सभी लोग मिलकर दुराचार करेंगे। इस तरह की धमकी देते हुए वह घर से बाहर निकल गया। पीड़िता अपनी बेटियों के साथ थाने पहुंची। पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिली है। तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है। जांच और पूछताछ के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

प्रमुख सचिव ने वरिष्ठ अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की बैठक

अखंड भारत संदेश

2025 महाकुंभ को भी दिव्य एवं भव्य बनाने के दृष्टिगत त्रिवेणी सभागार में हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

प्रयागराज। महाकुंभ 2025 को और दिव्य एवं भव्य बनाने के दृष्टिगत माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दिए गए निदेशों के क्रम में प्रमुख सचिव नगर विकास श्री अमृत अभिजात ने आज मंडलायुक्त श्री संजय गोयल समेत सभी वरिष्ठ अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंडलायुक्त कार्यालय स्थित त्रिवेणी सभागार में बैठक की। बैठक में उन्होंने शासन की मंशा आगामी 2025 महाकुंभ को 2019 में आयोजित किए गए मेले से भी वृहद स्वरूप देने की है इसके बारे में बताते हुए कहा महाकुंभ 2025 काउंटडाउन शुरू हो गया है अतः प्रपोजल तैयार कर उन्हें शासन में अनुमोदन हेतु भेजना शुरू करें। इस पर मंडलायुक्त ने उन्हें अवगत कराया की महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत उनकी अध्यक्षता में अभी तक दो बैठक पहले ही की जा चुकी हैं एवं इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधित कई प्रोजेक्ट जैसे हाईवे, ओवर ब्रिज, जिन्हें बनाने में अधिक समय लगता है उनके प्रपोजल्स पर काम प्रारंभ कर दिया गया है। मंडलायुक्त ने यह भी अवगत कराया की इन प्रोजेक्ट को बनाने हेतु सभी स्टेकहोल्डर्स से सुझाव भी लिए जा रहे हैं ताकि सिर्फ अधिक उपयोगिता वाले प्रोजेक्ट पर अभी काम शुरू किया जाए। मंडलायुक्त ने यह भी अवगत कराया की प्रयागराज में आने वाले श्रद्धालुओं को प्रमुख मंदिरों तक जाने में कोई कठिनाई न हो इसके दृष्टिगत कुछ प्रमुख मंदिरों की अप्रोच रोड के चौड़ीकरण का कार्य भी प्रस्तावित है जिसमें ललिता देवी मंदिर एवं तक्षक पीठ तक जाने वाली सड़कों को और चौड़ा करना भी शामिल था। इसके दृष्टिगत उन्होंने पहले ही लोक निर्माण विभाग एवं नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित कर दिया है कि वह मिलकर शीघ्र ही सर्वे कर लें तथा उनके समक्ष एक आख्या प्रस्तुत करें। इसी क्रम में प्रमुख सचिव को अरैल स्थित त्रिवेणी पुष्प पर एक कुंभ डिजिटल म्यूजियम बनाने तथा द्वादश माधव सर्किट विकसित करने हेतु भी जो फीजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार की जा रही है तथा कुछ प्रमुख घाटों पर जैसे दशाश्वमेध घाट पर पक्के स्थान घाट को विकसित करने, किला घाट के पास जेटी के अप्रोच हेतु पक्के घाट का निर्माण कराने तथा बक्शी बांध मार्ग व रैंप को विकसित करने के प्रस्तावों पर चर्चा की जा रही है उसके बारे में भी अवगत कराया गया। बैठक में प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री अरविंद चौहान ने बताया की सभी सर्वे एवं फीजिबिलिटी स्टडीज शीघ्र पूर्ण हो जाएंगी जिसके पश्चात एक फाइनल प्रपोजल की सूची तैयार कर अनुमोदन हेतु शासन में अग्रसारित की जाएगी। इसके अतिरिक्त जनपद में हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन, पर्यटन, नदियों के पानी को स्वच्छ रखने के दृष्टिगत नालों की टैपिंग एवं एसटीपी विकसित कराने का भी जो कार्य प्रस्तावित है एवं उनकी कार्य योजनाओं पर जो भी मंथन किया जा रहा है उसके बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। मंडलायुक्त ने यह भी जानकारी देते हुए कहा की स्मार्ट सिटी द्वारा जनपद में आने वाले टूरिस्ट एवं श्रद्धालुओं को प्रयागराज की विविधता एवं सांस्कृतिक विरासत के बारे में लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से कैसे अवगत कराया जा सकता है इसके बारे में भी कार्य चल रहा है जिसे शीघ्र पूर्ण किया जाएगा। जिलाधिकारी संजय खत्री ने बताया कि प्रयागराज के सभी मंदिरों के जीर्णोद्धार हेतु भी कार्य योजना तैयार की जा रही है।सभी आवश्यक जानकारी लेने के पश्चात प्रमुख सचिव ने यह सुझाव दिया की इंफ्रास्ट्रक्चर संबंधित प्रोजेक्ट्स के प्रस्ताव बनाकर शासन को पहले भेज दिए जाएं ताकि उन पर शीघ्र काम शुरू किया जा सके एवं इन प्रोजेक्ट को अंतिम रूप देने से पहले सभी जनप्रतिनिधि जिसमें माननीय सांसद, विधायक आदि, स्टेकहोल्डर्स, जनपद के गणमान्य व्यक्ति, अकैडमिशियन एवं व्यापारियों से आवश्यक रूप से समन्वय बैठक कर लें ताकि सभी के सुझाव को सम्मिलित कर एक सूची तैयार की जा सके।

5 एंबुलेंस को सांसद ने दिखाई हरी झंडी

प्रयागराज। प्रयागराज में 12 एंबलेंस खटारा हो चुकी थी, जिसके बदले शासन ने पांच नई एंबुलेंस स्वास्थ्य विभाग को मुहैया कराया है। फूलपुर की सांसद केशरी देवी पटेल न सोमवार को आजाद पार्क गेट पर नारियल फोड़कर एंबुलेंस को रवाना किया। उन्होंने एंबुलेंस पायलटों को चाबी सौंपते हुए कहा कि वह किसी महत्वपूर्ण कार्य के लिए निकले हैं। यह एंबुलेंस की चाबी नहीं बल्कि किसी मरीज की जिंदगी की चाबी है जो उनके हाथ में है। इसलिए बहुत ही तत्परता से इस कार्य को करने की जरूरत है। सांसद ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

जल्द मिलेंगी सात और एंबुलेंस : सीएमओ डॉ. नानक सरन ने बताया कि जनपद में 108 की 42 एंबुलेंस है जो 24 घंटे सेवाएं दे रही हैं। इनमें से कुछ गाड़ियां पांच साल पुरानी हो चुकी थी और ढाई लाख किलोमीटर से ज्यादा चल चुकी थीं जिनको बदलकर पांच नई एंबुलेंस आ गई है। यह एंबुलेंस सीएचसी शंकरगढ़, रामनगर, सोरांव, कोरांव और कौड़िहार के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर 108 एंबुलेंस के जोनल प्रभारी सरदेन्दु शुक्ला, जिला प्रभारी सुनील कुमार, मैनेजमेंट प्रभारी कुशाग्र शंकर, सतेंद्र यादव, विवेक सिंह, राहुल सिंह, आशीष सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा इलाहाबाद विश्वविद्यालय बीए की माइग्रेशन सर्टिफिकेट वर्ष 2012-15 इनरोलमेंट नंबर U1221147 वास्तव में कहीं खो गया है।

विधाता भारती पुत्र श्री ज्वाला प्रसाद निवासी, ग्राम व पोस्ट बालीपुर टाटा, चायल, कौशांबी।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे चार पुत्र है मो0 कासिम फारुकी,मो0 हाशिम फारुकी, मो0 नासिर फारुकी व मो0 शाबिर। इनमें से दूसरे नंबर का पुत्र मो0 हाशिम फारुकी की चाल चलन ठीक नहीं है। मेरे कहने सुनने में नहीं है। ऐसी स्थिति में मैं मो0 हाशिम फारुकी को चल अचल संपत्ति से सदा सर्वदा के लिए बेदखल करता हूं।

किफायत उल्ला पुत्र अब्दुल हफीज निवासी बछरौली थाना हथिगवा कुण्डा प्रतापगढ़।

मानदेय के लिए आशा कार्य कताओंका प्रदर्शन

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के आह्वान पर सोमवार को प्रयागराज इकाई के सदस्यों ने पत्थर गिरजाघर पर प्रदर्शन किया। अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष मंजू ने कहा कि प्रदेश सरकार आशा वर्करों से 24 घंटे काम लेती है लेकिन मानदेय के नाम पर कुछ भी नहीं दिया जाता। लोगों की सेवा में दिन रात एक करने वाली आशा और उनके परिवार की आर्थिक हालत काफी जर्जर हो चुकी है। उन्होंने बताया कि आशाओं को प्रोत्साहन राशि तक समय से नहीं दी जाती। विभागीय अधिकारी वाउचर पास करने के नाम पर रिश्वतखोरी कर रहे हैं। प्रदर्शन में पुष्पा, सरोज कुमारी कुशवाहा, नीतू सिंह, रीता देवी, एक्टू के प्रदेश सचिव अनिल वर्मा, जिला संयोजक देवानंद, भाकपा माले के जिला प्रभारी सुनील मौर्य आदि शामिल रहे।

शिक्षा ही सभ्य समाज की आधारशिला है : प्रति कुलपति

नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय में जनामि शैक्षिक विकास अभियान का हुआ शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति द्वारा जनामि शैक्षिक विकास अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि, शिक्षा ही सभ्य समाज की आधार शिला है। प्रति कुलपति डॉ० एससी तिवारी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को कुलाधिपति पंडित श्री जे ० एन० मिश्र के संकल्प को दोहराते हुए कहा की विश्वविद्यालय के आसपास के क्षेत्रों में कोई भी व्यक्ति अशिक्षित ना रह जाए इसकी पूर्ति हेतु एक अभियान की आवश्यकता थी जिसे जनामि शैक्षिक विकास अभियान अवश्य पूरा करेगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उप कुलसचिव (वित्त)श्री अनुपम सिन्हा द्वारा सामाजिक एवम आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने पर बल दिया। कार्यक्रम के संयोजक ,अधिष्ठाता विधि संकाय डॉ० स्वप्निल त्रिपाठी द्वारा कार्यक्रम का परिचय एवं कक्षा संचालन एवं अन्य गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन शिवांश पांडे छात्र बी०ए०एल एल०बी० द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गरीब वर्ग के 70 बच्चों ने नामांकन कराया एवं शत प्रतिशत उपस्थित रही, जिन्हें निशुल्क बैग, कॉपी, पुस्तक तथा लेखन सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम को संपन्न कराने में शिक्षक श्री विनीत प्रताप सिंह, श्री सत्येंद्र कुमार गुप्ता एवं बी ए एल एल बी के छात्र-छात्राएं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन सुधीर यादव(छात्र) द्वारा किया गया।

कार्यालय ग्राम पंचायत चांदी वि0खं0 कोरांव प्रयागराज

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत चांदी विकास खंड कोरांव जनपद प्रयागराज में 14वां वित्त, 15 वा वित्त एवं चतुर्थ राज्य वित्त आयोग, मनरेगा योजना के अंतर्गत हरिहर देव के घर से संतोष तिवारी के बगल मन्दिर तक इंटरलॉकिंग कार्य एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत हैंडपंप मरम्मत, रिबोर, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, खडजा निर्माण, सोलर लाइट, डस्टबिन, सफाई किट व सामुदायिक शौचालय का निर्माण आदि में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे इंटरलॉकिंग ईंट, लाल ईंट, बालू, गिट्टी, एसएल डब्ल्यूएम, सरिया, स्टोन, पत्थर, स्टोन ग्रिट, जीएसबी, दरवाजा, पेंट, टाइल्स, ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत समस्त कार्य, कोरोना वायरस संबंधित साफ सफाई का कार्य व चबूतरा निर्माण, पंचायत भवन, अंत्येष्टि स्थल के निर्माण मरम्मत एवं मरम्मत एवं भूसा आपूर्ति प्रशासनिक व्यय प्रधान मानदेय आदि कार्यों में आपूर्ति की आवश्यकता है। आपूर्तिकर्ता व्यापार कर वाणिज्य कर आयुक्त कार्यालय में पंजीकृत हो, निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 7जून2022 से दिनांक 13जून2022 तक निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा होगा। निविदा दिनांक 20जून 2022 को ग्राम पंचायत कार्यालय में समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा कोटेशन स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। सामग्री की मात्रा पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगी। उक्त निविदा वर्ष 2022 में कराए जाने वाले समस्त विकास कार्य हेतु प्रभावी होगी।

विशाल श्रीवास्तव
(ग्राम प्रधान)
ग्रा0 पं0 चांदी
वि0खं0 कोरांव प्रयागराज

मो0 हामिद
(ग्राम पंचायत अधिकारी)
ग्रा0 पं0 चांदी
वि0खं0 कोरांव प्रयागराज

डेरवा बाजार मे लगी भीषण आग जलकर सब हुआ खाक

अखंड भारत संदेश

डेरवा प्रतापगढ। जेठवारा थाना क्षेत्र के डेरवा बाजार मे आज बाबूगंज मोड़ के पास नौशाद आलम व कौसर खान ने लेडीज व मेंस की दुकाने खोल रखी थी जिनकी गारमेन्ट की दो दुकानों मे शार्ट शर्किट से आग लग जाने के कारण दुकाने जलकर हुई खाक प्रत्यक्ष दर्शियो का कहना है कि आज सुबह 8 बजे धुएँ का गुब्बार उठता देख हल्ला गुहार मचाया गया तद्पश्चात विद्युत उपकेन्द्र जेठवारा जेई व थानाध्यक्ष जेठवारा को फोनकर दुकान मे आग लग जाने की सूचना दी गई तो डेरवा की लाइट काट।

आग बुझाने मे क्षेत्रीय जनता जुटी पुलिस विभाग द्वारा सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड लालगंजए कुण्डा प्रतापगढ की गाडिया मौके पर पहुची दो घण्टे की कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक दोनो दुकाने जलकर खाक हो गई थीएआग लग जाने की जानकारी मिलने पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्रा व सीओ विजय प्रताप साहनी भी पहुचे और हर सम्भव आर्थिक सहयोग दिलाये जाने का अश्वासन दियाएआग बुझाने मे क्षेत्रीय जनता व डेरवा चौकी इंचार्ज वरूण सिंह अपने मय स्टाप के साथ डटे हुए थे सभी के सहयोग से आग पर काबू पाया गया क्षेत्रीय लेखपाल दुर्गेश कुमार ने आग से हुए नुकसान का आकलन कर रहे है साथ ही ग्रामप्रधान अफजल अंसारी ने लोगो से मदद करने के साथ साथ स्वयं भी पीडितो को आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

घर मे घुसकर महिला की पिटाई

लालगंज प्रतापगढ़। बच्चों के विवाद में आरोपियो ने महिला की घर मे घुसकर पिटाई कर दी। घटना को लेकर पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी का केस दर्ज किया है। कोतवाली के रायपुर तियांई निवासी लाल बहादुर कोरी की पत्नी प्रियंका ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती बाइस मई को दोपहर बच्चों मे आपसी विवाद हो गया। इससे चिढ़कर विपक्षी गांव के बृजलाल की पत्नी सीता सरोज तथा पुत्री पूनम व पुत्र राधेश्याम ने पीड़िता को घर मे घुसकर लाठी डंडे से मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपी गालीगलौज करने लगे। गांव के लोगों को जुटता देख विपक्षी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रविवार की रात आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

निशुल्क नेत्र शिविर में पैंतालिस मरीजों का हुआ परीक्षण, बंटी दवाईयां व चश्में

अखंड भारत संदेश

लालगंज प्रतापगढ़। अठेहा बाजार में सोमवार को हुए निशुल्क नेत्र शिविर मे चार दर्जन से अधिक मरीजों की आंखो का परीक्षण हुआ। इनमें से बारह मरीजों को मोतियाबिंद से पीडित पाया गया। मोतियाबिंद पीडितो का चित्रकूट स्थित सदगुरू सेवा संस्थान जानकीकुण्ड के नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण किया गया।

अठेहा स्थित बाबा बाबा परमहंस आश्रम में बाबा लोक कल्याण संस्थान द्वारा नेत्र विकार से पीडित मरीजों को दवाएं तथा चश्मा भी निशुल्क प्रदान किया गया। संस्थान की ओर से चार मरीजों का चित्रकूट मे लेंस प्रत्यर्पण कराये जाने का निर्णय लिया गया। मरीजों की आंखो के परीक्षण मे नेत्र रोग विशेषज्ञ डाण पंकज गुप्ताए काउन्सलर राजाराम व डाण कमल का सक्रिय योगदान दिखा। वहीं कार्यक्रम का संयोजन बाबा महेन्द्र कुमार ओझा ने किया। समाजसेवी स्वामी जी बाबा नरेन्द्र ओझा ने कार्यक्रम के दौरान बताया कि परमहंस धाम आश्रम अठेहा में प्रतिमाह होने वाले निशुल्क नेत्र शिविर को संस्थान और प्रभावी बनायेगा। इस मौके पर शशिमौलि मिश्रए सुन्दर मालीए मोण अलीए इसरार अहमदए सागर गौडए प्रमोद मिश्र आदि रहे।

चौथे दिन भी युवक के शव की नहीं हो सकी पहचानए प्रशासन ने कराया अंतिम संस्कार

अखंड भारत संदेश

लालगंज प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र के ककरहिया सई घाट पर उतराये युवक के शव की चौथे दिन भी पहचान नहीं हो सकी। हालांकि पुलिस ने मृतक युवक के शव का पीएम करा दिया। पीएम के बाद शव के लावारिस होने की दशा में पुलिस ने जिला मुख्यालय में सई घाट पर उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया। पुलिस का कहना है कि पीएम रिर्पोट अभी प्राप्त नही हो सकी है। इसके बावजूद पुलिस मृतक युवक की पहचान को लेकर प्रक्रिया मे जुटी हुई है। अभी तक स्थानीय पुलिस को जिले के अलावा पड़ोसी रायबरेलीए अमेठीए सुल्तानपुर तथा कौशाम्बी व जौनपुर आदि से भी मृतक युवक के चित्र की पहचान कराने मे फिलहाल सफलता नहीं मिल सकी है। बीती तीन जून को लालगंज कोतवाली के रानीगंज कैथौला चौकी क्षेत्र मे सई नदी के ककरहिया घाट पर एक युवक का रक्तरंजित शव उतराया मिला। पुलिस ने प्रारम्भिक तौर पर युवक की हत्या कर आरोपियों द्वारा शव सई मे फेंके जाने की आशंका जतायी थी। पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह पता लगाए कि युवक का शव रायबरेली अथवा पडोसी जौनपुर की सई मे ही फेंका गया था। वहीं यह भी आशंका है कि शव गंगा में फेंके जाने के बाद नदी नालों से बहकर सई मे ककरहिया घाट पहुंच गया। युवक के शव की पहचान होने के बाद ही पुलिस हत्या के कारण की ओर बढ़ सकेगी। इलाके मे भी अभी भी युवक के रक्तरंजित शव के राजफाश होने की चर्चा बनी हुई है।

गैर भाजपाई सरकार को स्थिर करने में लगे : प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

लालगंज प्रतापगढ़। केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं यूपी आउटरीच एण्ड को आर्डिनेशन कमेटी के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने बीजेपी पर देश में बेरोजगारी तथा मंहगाई और विकास से जुड़ी जीडीपी दर घटने को लेकर जनता के ध्यान को हटाने के लिए ध्रुवीकरण का माहौल खड़ा करने का आरोप लगाया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा की केन्द्रीय सरकार पर यह भी तंज कसा कि डॉलर के मुकाबले रुपए की गिरावट की चिन्ता करने के बजाय मोदी सरकार दिन रात किसी तरह गैरभाजपाई बहुमत की सरकारों की अस्थिर करने का भी अराजनैतिक व अलोकतांत्रिक एजेण्डे पर ही जुटी हुई है।

हत्या व जानलेवा हमले के आरोपियों को अजीवन कारावास

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। अपर सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार तिवारी ने हत्या और जानलेवा हमले के आरोपीगण हरिवंश तिवारी पुत्र राम गोपाल तिवारी, अनूप कुमार तिवारी उर्फ उमेशसुत हरिवंश, ओमप्रकाश उर्फ नन्हे पुत्र कृष्ण कुमार, राजेश कुमार उर्फ लल्लू पुत्र कृष्ण कुमार, अनंत कुमार पुत्र राम बहोर, समस्त निवासी गण ग्राम रसूलपुर गुलरहा थाना अंतू व कमलेश कुमार पांडेय निवासी पूरे नेवलएथाना अंतू को दोषी पाते हुए प्रत्येक को आजीवन कारावास व चौवीस. चौबीस हजार रूपया अर्थदंड से दंडित किया। राज्य की ओर पैरवी एडीजीसी रवीन्द्र बहादुर सिंह ने किया।वादी मुकदमा कृपा शंकर निवासी रसूल पुर गुलरहा ने थानाध्यक्ष अंतू को 7 अप्रैल 1995 ईस्वी को प्रार्थना पत्र दिया कि आज प्रार्थी के गांव में ग्राम प्रधानए क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत का चुनाव गांव के प्राइमरी विद्यालय में हो रहा था।

मतदान का कार्य चल रहा थाए पुरुषों एवं महिलाओं की लाइन लगी हुई थी। मैं भी क्षेत्र पंचायत का उम्मीदवार थाएमेरा भतीजा सुरेश नारायण ग्राम प्रधान पद का प्रत्याशी था । हम दोनों व मेरा भतीजा सुरेन्द्र कुमारए वीरेंद्र कुमारएश्रवण कुमार व बाबूलाल एवं गांव के बहुत से लोग मतदान स्थल पर मौजूद थेएकरीब नौ बजे दिन में वर्तमान प्रधान हरिवंश तिवारी जिनकी हमसे रंजिश चल रही थीएजबरन दूसरे लोगों का मत पत्र लेकर मुहर लगाने का कार्य कर रहे थे इस पर मेरे भतीजे सुरेश नारायण रोका तो हरिवंश ने नाराज हो गए और मेरे भतीजे से कहा सुनी की। हरिवंश के लोग जयप्रकाशए नन्हेए लल्लूए सुरेश तिवारीए कमलेश कुमार तिवारीए अनंत कुमारए जयप्रकाश का लड़का विवेकए हरिवंश के लड़के अनूप व अनिलए कमलेश पाण्डेय तथा छः आज्ञत जिनका नाम व पता नहीं मालूम देख कर पहचान सकता हूं। मेरे भतीजे सुरेश नारायण को कमरे में खींच कर ले गये और हरिवंश व उनके लड़कों ने गोली मार दीए जिससे वह कमरे के अंदर गिर गयाएतब ईंट व डण्डो से उक्त लोग मारने लगे। मेरे भतीजे सुरेंद्र व बिरेंद्र बचाने दौड़े तो बिरेंद्र को अनंत कुमार ने गोली मारी जिससे वह गिर गया। दोनों ईंटों से मारने लगेए ईंटों की चोट से श्रवण कुमार भी घायल हो गया।घटना के बाद से ही मतदान का कार्य बंद कर दिया गया। अपने भतीजे सुरेश नारायण व बीरेंद्र को लेकर सदर अस्पताल आएएजहां प्रथामिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज इलाहाबाद रेफर कर दिया। सुरेश नारायण गम्भीर चोटों के कारण मर गया। सुरेन्द्र कुमार गम्भीर अवस्था में घायल था। अभियुक्तों गणों ने खुलेआम बमबारी व अंधाधुंध फायरिंग कर जनता मे दहशत फैला दी। अन्य आरोपी गण सुरेश कुमार तिवारीए रमेश कुमार तिवारीएपवन कुमार पांडेय की दौरान मुकदमा मृत्यु हो गई।

किशोरी के अपहरण को लेकर दो के खिलाफ मुकदमा

अखंड भारत संदेश

लालगंज प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने किशोरी के अपहरण को लेकर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के पूरे शिवबक्श भदारी कला निवासी रामसमुझ वर्मा के पुत्र राजकुमार ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती बीस मई को सुबह उसकी पन्द्रह वर्षीया पुत्री अंजली शौच के लिए गयी हुई थी। इस बीच बगल के पूरे नोती गांव के आरोपी धुन्नी सरोज व पवन सरोज पुत्रगण रामदुलारे उसकी पुत्री को बहलाफुसलाकर भगा ले गये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार को दोनों आरोपियो के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

वांछितअभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा

अखंड भारत संदेश

लालगंज प्रतापगढ़। हत्या के प्रयास तथा मारपीट के मुकदमें मे वांछित आरोपियों को पुलिस ने सोमवार की सुबह धर दबोचा।

कोतवाली लालगंज के दरोगा योगेन्द्र सिंह फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इस बीच धारूपुर जलेशरगंज गांव मे हत्या के प्रयास के दर्ज मुकदमें का वांछित उदयभूषण उपाध्याय पुत्र चन्द्रमा प्रसाद गांव मे दिख गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत मे ले लिया। इधर मुखबिरी सूचना पर पुलिस टीम ने पूरे वीरबल ढ़िगवस गांव से भी हत्या के प्रयास मे दर्ज मुकदमें मे वांछित छोटे लाल के पुत्र आशीष पाण्डेय को भी घर से दबोच लिया। पुलिस ने दोपहर बाद दोनों आरोपियो को जेल भेज दिया।

रिश्तेदारी जा रहे बाइक सवार पेड़ से टकराए, मेडिकल कॉलेज रेफर

अखंड भारत संदेश

पट्टी। अपने एक रिश्तेदार को लेकर रिश्तेदारी जा रहे बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे एक पेड़ से जा टकराये । जिससे दोनों के सिर में गंभीर चोटें आई । मौजूद लोगों ने दोनों को एंबुलेंस की सहायता से पट्टी नगर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर डॉक्टरों ने दोनों का प्राथमिक इलाज करने के बाद मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया । वहीं पुलिस घटना की जानकारी से इंकार कर रही है । प्रतापगढ़ जनपद के रानीगंज तहसील के थरवई गांव के रहने वाले विजय प्रताप पुत्र दयाराम ;27द्ध अपने एक रिश्तेदार सुरजीत पुत्र राजेन्द्र के साथ दोपहर लगभग 3रू30 बजे अपने एक रिश्तेदार के शादी समारोह में शामिल होने के लिए पट्टी जा रहे थे।

दोनों एक बाइक पर सवार थे बाइक विजय प्रताप चला रहा था बाइक तेज रफ्तार होने के कारण जैसे ही दोनों कंधई थाना अंतर्गत मनैतापुर बाग के पास पहुंचे अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क के किनारे एक पेड़ से जा टकराई जिससे दोनों के सिर तथा शरीर में कई जगह चोटें आई । सड़क के किनारे दोनों तड़पने लगे। तभी आसपास के लोगों ने देखा तो एंबुलेंस की सहायता से दोनों को पट्टी नगर स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां पर डॉक्टरों ने दोनों को प्राथमिक इलाज किया उसके बाद दोनों की गंभीर दशा को देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया कंधई पुलिस घटना के बारे में जानकारी से इंकार कर रही है।

पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाशो को लगी गोली, एक गिरफ्तार

व्यापारी से रंगदारी मांगने और गोली मारने वाले तीनो बदमाश गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। रानीगंज में रंगदारी मांगकर व्यवसायी पर हमला करने वाले बदमाशो और पुलिस में मुठभेड़ हुई है जिसमें दो बदमाशो को गोली लगी है और एक बदमाश गिरफ्तार किया गया है जिन बदमाशो को गोली लगी है उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया रानीगंज क्षेत्र में रंगदारी व गोली मारने की घटना को पुलिस ने गंभीरता से लिया है इसको लेकर सोमवार को एक मुठभेड़ में एक दिन पहले

व्यापारी को गोली मारने वाले तीनों बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सोमवार को दिन में स्कॉट टीम और रानीगंज पुलिस ने रानीगंज क्षेत्र के लच्छीपुर चौहर्जन मार्ग पर सराय रतउ के मोड़ पर तीन संधिग्धो को घेराबंदी करने की कोशिश की तो बदमाशो ने फायरिंग कर भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने भी अपना बचाव करते हुए जवाबी फायरिंग की जिसमे रानीगंज क्षेत्र के सराय भरतराय के मो० इकरार पुत्र इश्तियाक तथा अब्दुल हबीब निवासी पूरे गोलिया को गोली लगी और महफूज नामक अपराधी पकड़ा गया पुलिस ने महफूज को गिरफ्तार कर लिया और मो० इकरार व अब्दुल हबीब को उपचार के लिए पुलिस कसटडी में अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सोशल ऑडिट टीम के सदस्यों का साक्षात्कार पूरा

शिवगढ़। ब्लॉक के सभागार में सोमवार को सोशल ऑडिट टीम के सदस्यों का साक्षात्कार। ब्लॉक के सभागार में सोमवार को सोशल ऑडिट टीम के सदस्यों का साक्षात्कार हुआ। जिसमें गौराए शिवगढ़ व बाबा बेलखरनाथ धाम का तीनों ब्लॉकों के सदस्यों का चयन किया गया। बेलखरनाथ में 75 में शिवगढ़ में 46 गौरा में 57 सदस्यों ने भाग लिया।

इस मौके पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सच्चिदानंद तिवारीए डॉण आशीत कुमार सिंह जिला समन्वयक अधिकारी सोशल ऑडिट प्रधानाचार्य चंदी गोविंदपुर शालिकराम प्रजापति राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेखुपुर प्रधानाचार्य पृथ्वीपाल यादव सोशल ऑडिट के कोऑर्डिनेटर अमृतलाल एडीओ कॉपरेटिव गौरा राम मूर्ति पटेल ने साक्षात्कार लिया।

सौरभ को जलवायु मित्र पुरस्कार

अखंड भारत संदेश

कुंडा। प्रदेश की राजधानी में आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस पर कुंडा के यादव पटटी गांव के प्रधान सौरभ सिंह जलवायु मित्र ग्राम पंचायत पुरस्कार से नवाजे।

प्रदेश की राजधानी में आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस पर कुंडा के यादव पटटी गांव के प्रधान सौरभ सिंह जलवायु मित्र ग्राम पंचायत पुरस्कार से नवाजे गए। कुंडा के यादव पटटी ग्राम पंचायत के प्रधान सौरभ सिंह को समारोह एवं पर्यावरण कार्यशाला के मुख्य अतिथि डाण अरुण कुमार सक्सेना पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

अमीनो के नियुक्ति न होने पर जताई नाराजगी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। सामयिक संग्रह अमीनों ने जिलाधिकारी के आश्वासन के बाद भी अब तक नियुक्ति न किए जाने पर नाराजगी। सामयिक संग्रह अमीनों ने जिलाधिकारी के आश्वासन के बाद भी अब तक नियुक्ति न किए जाने पर नाराजगी जताई। सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि जल्द ही उनकी मांगों पर विचार न किया या तो वे अनशन करेंगे। कलक्ट्रेट परिसर में सोमवार को हुई बैठक में अमीनों ने कहा कि पिछले दिनों वे अपना धरना जिलाधिकारी के आश्वासन पर स्थगित किए थे। अब तक वे जिलाधिकारी के आश्वासन की बाट जोह रहे हैं। जल्द ही उनकी मांगों पर विचार न किया गया तो वे फिर से अनशन करने को बाध्य होंगे। बैठक में हरकेश बहादुर सिंहए आशुतोष सिंहए रामचन्दर यादवए अखंड प्रताप सिंहए कृष्णानंद पांडेयए संदीप मिश्रए हीरालाल गौतमए आद्या प्रसाद मिश्रए शोभनाथ सिंह आदि मौजूद रहे।

बच्चों के विवाद में महिला को पीटा

लालगंज। इलाके के रायपुर तियाई निवासी प्रियंका पत्नी लाल बहादुर कोरी ने गांव के ही सीता पत्नी बृजलालए पुत्री पूनम, पुत्र राधेश्याम के खिलाफ पुलिस को इलाके के रायपुर तियाई निवासी प्रियंका पत्नी लाल बहादुर कोरी ने गांव के ही सीता पत्नी बृजलालए पुत्री पूनमए पुत्र राधेश्याम के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। आरोप है कि 22 मई को खेल रहे बच्चों के विवाद को लेकर आरोपितों ने कहासुनी की। विरोध करने पर घर में घुसकर मारपीट कर जख्मी कर दिया। इसके बाद जानलेवा धमकी दी। मांए बेटे व बेटी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सोशल ऑडिट टीम के सदस्यों का साक्षात्कार पूरा

अखंड भारत संदेश

शिवगढ़। ब्लॉक के सभागार में सोमवार को सोशल ऑडिट टीम के सदस्यों का साक्षात्कार हुआ। जिसमें गौराए शिवगढ़ व बाबा बेलखरनाथ धाम का तीनों ब्लॉकों के सदस्यों का चयन किया गया। बेलखरनाथ में 75 में शिवगढ़ में 46 गौरा में 57 सदस्यों ने भाग लिया। इस मौके पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सच्चिदानंद तिवारीए डॉण आशीत कुमार सिंह जिला समन्वयक अधिकारी सोशल ऑडिट प्रधानाचार्य चंदी गोविंदपुर शालिकराम प्रजापति राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेखुपुर प्रधानाचार्य पृथ्वीपाल यादव सोशल ऑडिट के कोऑर्डिनेटर अमृतलाल एडीओ कॉपरेटिव गौरा राम मूर्ति पटेल ने साक्षात्कार लिया।

शौच गई किशोरी को अगवा करने का आरोप

अखंड भारत संदेश

लालगंज। इलाके के भदारी कला निवासी किशोरी के पिता ने पूरे नोती गांव निवासी धुन्नी सरोज व पवन सरोज के खिलाफ बेटी को अगवा करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। किशोरी के पिता का आरोप है कि बीस मई को पन्द्रह वर्षीय बेटी शौच के लिए गई थी। इसी बीच आरोपी उसे अगवा कर ले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ किशोरी को अगवा करने का मुकदमा दर्ज किया है।

हाथ में पटाखा फटने से जख्मी

अखंड भारत संदेश

कुंडा। मानिकपुर थाना क्षेत्र के भरचक निवासी श्यामबाबू ;18द्ध पुत्र होरी लाल पारिवारिक कार्यक्रम में पटाखे फोड़ रहा था। हाथ में पटाखा फटने से उसकी हथेली फट गई। उसे गंभीर हालत में सीएचसी से रेफर कर दिया गया।

दुष्कर्म का फरार आरोपित गिरफ्तार

कुंडा। बाघराय थाने के दरोगा दुर्गेश कुमार सोमवार को मय पुलिस बल केगस्त पर निकले। बाघराय थाने के दरोगा दुर्गेश कुमार सोमवार को मय पुलिस बल केगस्त पर निकले थे। तभी कमासिन चौराहे पर तीन महीने पहले दुष्कर्म का आरोपित खड़ा दिखा तो पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। दुष्कर्म का वांछित आरोपित अभिषेक उर्फ सौरभ तिवारी निवासी अकोढ़ी होलागढ़ प्रयागराज के खिलाफ बाघराय थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज है। पुलिस ने आरोपित को विधिक कार्रवाई के बाद जेल भेजा।

विवाद में महिला को पीटा, चार पर केस

कुंडा। कुंडा के जमेठी निवासी रानी देवी पत्नी भारत लाल ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 30 मई को जल निकासी को लेकर गांव के लोगों ने गालियां देते हुए पीट दिया। आसपास के लोगो के दौड़ने पर जान से मारने की धमकी देते भाग निकले।

खबर संक्षेप

विषैले जंतु ने डसा महिला की हुई मौत

बैरमपुर कौशांबी। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के कोरीपुर गांव में सोमवार की सुबह घर के भीतर फूल कली उम्र 55 वर्ष लगभग पत्नी छितानी चूल्हा जलाने के लिए लकड़ी निकालने गई थी इसी बीच विषैले जंतु ने फूल कली को डस लिया है गंभीर अवस्था में फूल कली को इलाज के लिए परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है उसके बाद भी परिजनों को भरोसा नहीं हुआ जिस पर परिजन फूलकली को कादीपुर में जड़ी बूटी की दवा करने वाले के पास ले गए हैं लेकिन वहां भी उन्हें निराशा लगी है फूल कली की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन आज

कौशाम्बी। राजकीय आईटीआई मंझनपुर सिराथू एवं कौषल विकास मिशन कौशाम्बी के संयुक्त तत्वावधान में 07 जून 2022 को मंझनपुर कौशाम्बी के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने देते हुए बताया है कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी प्रातः 10:30 बजे प्रतिभाग कर सकतें हैं।

कथित चिकित्सक की लापरवाही से महिला की मौत, परिजनों ने किया जमकर हंगामा

महिला के इलाज के नाम पर उसके परिजनों से कथित चिकित्सक ने ले ली मोटी रकम

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। सराय अकिल थाना क्षेत्र के करन चौराहा स्थित विकाश हॉस्पिटल में इलाज के दौरान एक महिला की मौत होने के बाद परिजनों ने कथित चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा काटा है मृतक महिला के परिजनों के हंगामे की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया पुलिस ने महिला की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार संजय निवासी ग्राम घोसिया की पत्नी मन्शा देवी उम्र लगभग 32 वर्ष अपने नंद की सास की मिट्टी देने कोखराज स्थित फाकिर बख्स का पूरा ग्राम जा रही थी।रास्ते मे ई रिक्शा जिस पर वह सवार थी दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसके कारण महिला का पैर फैक्चर हो गया था।दिनांक 4 जून 2022 को सराय अकिल के करन चौराहा स्थित विकाश हॉस्पिटल में इलाज हेतु महिला को भर्ती कराया गया महिला के इलाज के नाम पर उसके परिजनों से कथित चिकित्सक ने मोटी रकम ले ली और महिला का इलाज कथित चिकित्सक ने शुरू कर दिया सोमवार को अचानक महिला की मौत हो गई।

सूचना मिलते ही मृतका के परिजन हॉस्पिटल में इकट्ठा हो गए और कथित डॉक्टरों पर इलाज के दौरान लापरवाही का आरोप लगा कर हंगामा करने लगे जिससे चिकित्सकों के हाथ पांव फूल गए हंगामे की सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक जमालुद्दीन फोर्स सहित मौके पर पहुँच कर मामला को शांत कराया और शव को कब्जे में लेकर लिखा पढ़ी कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

चिकित्सक की लापरवाही से महिला की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन

राशन और 776 लीटर मिट्टी का तेल पी गया कोटेदार!

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। मंझनपुर तहसील क्षेत्र के सादिकपुर सेमरहा के कोटेदार पर 776 लीटर तेल गबन करने का आरोप ग्राम प्रधान ने लगाते हुए जिला पूर्ति अधिकारी को पत्र देकर कोटेदार पर कार्यवाही की मांग की है बताते चलें कि तियरा जमालपुर की राशन की दुकान को अधिकारियों ने 14 जनवरी को सस्पेंड कर दिया था और पड़ोसी गांव सादिकपुर सेमराहा गांव के कोटेदार बेनी प्रसाद की दुकान में तियरा जमालपुर के भी कार्ड धारकों को 17 जनवरी को संबद्ध कर दिया गया बेनी प्रसाद कोटेदार ने तियरा जमालपुर के कार्ड धारकों के हिस्से का जनवरी महीने का राशन तेल का उठान किया है लेकिन जनवरी 2022 के राशन सामग्री और तेल का वितरण कोटेदार ने कियारा जमालपुर के कार्ड धारकों को नहीं किया है मामले की शिकायत पूर्व में भी हो चुकी है लेकिन तियरा जमालपुर के ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें सादिकपुर सेमराहा के कोटेदार ने जनवरी के राशन तेल नहीं वितरण किया है जबकि सादिकपुर सेमराहा के कोटेदार का कहना है कि तियरा जमालपुर के कार्ड धारकों का राशन तेल सामग्री सरकारी गोदाम से नहीं मिली है इसलिए वह तियरा के कार्ड धारकों को सामग्री का वितरण नहीं कर रहा है मामले की शिकायत ग्राम प्रधान ने जिला पूर्ति अधिकारी से कर तियरा जमालपुर के कार्ड धारकों को सामग्री दिलाए जाने और सादिकपुर सेमरहा के कोटेदार पर कार्यवाही की मांग की है।

अगली बैठक में समस्त सूचनाओं सहित प्रधानाचार्यों को उपस्थित होने का निर्देश

वित्तविहीन मान्यताप्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक आयोजित

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। दुर्गा देवी इंटर कॉलेज ओसा में सोमवार को वित्तविहीन मान्यताप्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक आयोजित की गई मुख्य मंत्री उ प्र शासन के 100 दिन कार्ययोजना के प्रमुख बिन्दुओं में सम्मिलित कार्यक्रम के शत-प्रतिशत अनुपालन हेतु बैठक आयोजित कर उचित दिशा निर्देश दिए गए संतोष कुमार मिश्र जिला विद्यालय निरीक्षक की अध्यक्षता में जनपद के वित्तविहीन मान्यताप्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक आयोजित की गई, बैठक में जनपद के वित्तविहीन मान्यताप्राप्त विद्यालयों के 52 प्रधानाचार्यों ने प्रतिभाग किया।जिला विद्यालय निरीक्षक ने उपस्थित प्रधानाचार्यों को विद्यालय की बेवसाइट, छात्र-छात्राओं की ई-मेल आई डी, वेब पेज तैयार किए जाने की जानकारी देने के साथ ही उपरोक्त कार्यक्रम में यथावांछित तेजी लाये जाने के निर्देश प्रदान किए, बैठक के समापन में उपस्थित प्रधानाचार्यों को धन्यवाद प्रदान करते हुए अगली बैठक में समस्त सूचनाओं सहित प्रधानाचार्यों को उपस्थित होने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक ने निर्देशित किया। बैठक मे कमाल अहमद सिद्दीकी प्रधानाचार्य दीन दयाल उपाध्याय राजकीय इ.का. देवखरपुर, डा0राम किरण त्रिपाठी, विनीत तिवारी, शिवलाल यादव, प्रभाकर द्विवेदी, रामबाबू केशरवानी और चन्द्र भूषण पाण्डेय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहें।

बैठक में उपस्थित प्रधानाचार्य

खड़े डंपर में ट्रक ने मारी पीछे से टक्कर ट्रक चालक लहूलुहान

ट्रक दुर्घटना के बाद लगी भीड़

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। महेवा घाट से मूरतगंज की ओर जा रहे डंफर चालक ने कादीपुर के पास डंपर चालक ने अचानक सड़क पर डंपर रोक दिया जिससे पीछे से आ रहे ट्रक चालक अपने वाहन को नियंत्रित नहीं कर सका और खड़ी डंफर में पीछे से घुस गया इस हादसे में ट्रक चालक को गंभीर चोटें आई हैं घटना सोमवार सुबह 6:00 बजे लगभग की है हादसे की जानकारी मिलते ही मंझनपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची है और घायल चालक को ट्रक से बाहर निकालकर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहाँ चालक की हालत गंभीर बनी हुई है हादसे के बाद डंपर चालक घटनास्थल से फरार हो गया है जिसे कोखराज थाना पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

जानकारी के मुताबिक सोमवार की भोर प्रयागराज जनपद के थरवई थाना क्षेत्र अंतर्गत फाफामऊ निवासी ट्रक चालक रामनरेश पुत्र सोनेलाल महेवा घाट से ट्रक लेकर मूरतगंज की ओर जा रहे थे उनके आगे डंपर जा रहा था डंपर चालक ने अचानक काजीपुर के पास सड़क पर ब्रेक मार दिया जिससे ट्रक चालक रामनरेश संतुलन खो बैठे और खड़े डंपर में पीछे से घुस गए इस हादसे में चालक रामनरेश गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और दुर्घटनाग्रस्त ट्रक में चालक फस गया दो वाहनों की टक्कर की जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे मामले की सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दिया सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक का शीशा तोड़कर घायल चालक रामनरेश को बाहर निकाला है और इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है मामले की सूचना ट्रक मालिक और चालक के परिजनों को दे दी गई है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दम्पत्ति घायल

घायल दंपति की गंभीर हालत देख चिकित्सकों ने किया जिला अस्पताल रिफर

अझुवा कौशाम्बी। कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र में बाइक सवार दम्पत्ति को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी,हादसे में बाइक सवार दम्पत्ति घायल हो गए,ग्रामीणों ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा जहा उनका इलाज चल रहा है। कड़ा निवासी मो हारून चूड़ी की फेरी करते है। वह अपनी पत्नी अनवरी बेगम के साथ बाइक से फेरी पर निकले थे।जैसे ही बाइक सवार दंपति हुजरा मोड़ के पास पहुंचे उन्हें एक अज्ञात तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया।हादसे में बाइक सवार दम्पति गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों ने घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी कड़ा में भर्ती कराया ।जहाँ से उन्हें गंभीर दशा में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

तीन युवकों ने बाइक सवार को पीटकर छीनी नगदी

कौशांबी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ओसा गौरा डेरा निवासी नितिन कुमार पुत्र दादूराम बाइक से कपड़े की फेरी करते हैं रविवार को वह बाइक से प्रयागराज गए हुए थे और सोमवार की सुबह वह बाइक लेकर वापस मंझनपुर की ओर लौट रहे थे जैसे ही नितिन कुमार सराय अकिल कोतवाली के फकीराबाद चौराहे के पास पहुंचे कि चौपुरवा गांव निवासी विकास कुमार सचिन कुमार और ऋषि कुमार ने नितिन की बाइक रोक लिया जब तक नितिन कुमार कुछ समझ पाते तीनों युवकों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी मोटरसाइकिल की केबल से नितिन को बेरहमी से पीटा गया है नितिन कुमार ने विरोध किया लेकिन उनकी संख्या अधिक होने से वह विरोध भी नहीं कर सके मारपीट के दौरान नितिन कुमार का कहना है कि उनके पास दस हजार रुपए मौजूद थे मारपीट के दौरान लोगों ने रुपए भी छीन लिए हैं इसी बीच अचानक हंड्रेड डायल पुलिस की गाड़ी मौके से गुजर रही थी मारपीट देखकर हंड्रेड डायल के सिपाही घटनास्थल पर रुक गए पुलिस को आता देख तीनों युवक मौके से भाग खड़े हुए हैं मामले की सूचना पीड़ित ने पुलिस को दी है।

न्यूज झरोखा

पानी की समस्या दूर करने के लिए नगर वासियों के साथ नेता ईओ से मिले

इमामगंज कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 14 सौहार्द नगर छोटी धन्नी मूरतगंज में पानी की समस्याओं को दूर करने की मांग को लेकर नगर के तमाम लोगों के साथ नेता समर उपाध्याय नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचे हैं और अधिशासी अधिकारी से मुलाकात कर उन्होंने पानी की समस्या के समाधान की मांग रखी है। नगर पालिका परिषद के असवा निवासी समर उपाध्याय भी नगर पालिका का चुनाव नजदीक आते ही आम जनता की समस्याओं को दूर कराने के लिए जी जान से जुट गए हैं जब वार्ड नंबर 14 सौहार्द नगर छोटी धन्नी मूरतगंज में पानी की समस्या की जानकारी उन्हें मिली तो वह नगर के लोगों को लेकर नगर पालिका परिषद के ईओ गिरीश चंद्र के पास पहुंचे और उन्होंने नगर में हो रही पानी की समस्या को ईओ के समक्ष प्रस्तुत किया। जिससे ईओ ग्रीस चंद्र ने तमामले को त्काल संज्ञान में लेते हुए संबंधित को तत्काल पानी की समस्या का निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिया और नगर वासियों को आश्वासन भी दिया कि एक हफ्ते के अंदर आपकी पानी की समस्या का समाधान करते हुए खराब ब्यवस्था को जल्द ठीक कर दिया जाएगा।

विश्व हिंदू महासभा ने लिया गौ सेवा का संकल्प

कौशांबी। हिंदू धर्म में माता का स्थान पाने वाली गौ सेवा का संकल्प विश्व हिंदू महासभा ने लिया है विश्व हिंदू महासभा के जिला अध्यक्ष नरेश चंद्र केसरवानी पूर्व चेयरमैन ने कहा कि गाय हमारी माता है और मानव जीवन के लिए गाय बहुत उपयोगी है और इसको सुरक्षित संरक्षित किया जाना प्रत्येक हिंदू का कर्तव्य है गोवंश के संरक्षण के साथ-साथ विश्व हिंदू महासभा के अध्यक्ष नरेश चंद्र केसरवानी दर्जनों समर्थकों के साथ सिराथू तहसील के नगिया मई गौशाला पहुंचे उनके साथ पशु चिकित्सा अधिकारी भी मौजूद रहे इस मौके पर उन्होंने गौशाला में मौजूद गोवंशों की पूजा की और उन्हें गुड़ चना खिलाया गोवंशों के लिए हरे चारे का प्रबंध किया इस मौके पर धमार्चार्य जिलाध्यक्ष बाबा अयोध्या प्रसाद मेवालाल गुप्ता सीताराम विश्वकर्मा उमा शंकर मोदनवाल विकास यादव दिनेश तिवारी जय प्रकाश पांडेय सहित विश्व हिंदू महासभा के तमान पदाधिकारी कार्यकताओं ने गोवंश की सेवा करते हुए उन्हें गुड़ चना और और हरा चारा खिलाया और गौ संरक्षण का संकल्प लिया।

कांग्रेस नेता पुष्पराज की मनाई गई पुण्यतिथि

कौशाम्बी। कांग्रेस पार्टी के नेता रहे स्व० पुष्पराज पाण्डेय की प्रथम पुण्यतिथि पी सी सी सदस्य गौरव पाण्डेय के चरवा स्थित आवास पर मनाई गई और उनकी पुण्यतिथि पर गरीबों को खाना व फल वितरित किया गया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया इस मौके पर उनके कार्यों की चर्चा कर उन्हें याद किया गया कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व प्रत्याशी कांग्रेस तलत अजीम,पीसीसी सदस्य गौरव पाण्डेय,सेवादल अध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला,अजय पाण्डेय मिंटू,मोनू पाण्डेय,दीपक पाण्डेय (बाबू जी)उदय यादव,सचिन पाण्डेय,ज्ञान देव,वेदांत पाण्डेय,मजहर अली,हंसराज पाण्डेय,राकेश पाल,भोला यादव,रामजी, सहित उपस्थित सम्मानित जनता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दहेज के लिए बंद हो महिलाओं का उत्पीड़न : अंजना मिश्रा

कौशांबी। मंझनपुर तहसील के शुकलन का पुरवा गांव में सोमवार को मिशन शक्ति के तहत महिला जागरूकता अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला जागरूकता अभियान कार्यक्रम में गांव की तमाम महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कार्यक्रम के दौरान महिला उत्थान एवं जागृति संस्थान की अध्यक्ष अंजना मिश्रा ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा कन्या सुमंगला योजना चलाई जा रही है और महिलाएं योजनाओं का लाभ लें उन्होंने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या गंभीर पाप है और इस पाप से महिलाएं बचे उन्होंने कहा कि आए दिन महिलाए घरेलू हिंसा की शिकार होती हैं घरेलू हिंसा की शिकार महिलाएं अपनी आवाज उठाएं और संगठन उनकी मदद में हमेशा साथ खड़ा रहेगा। इस मौके पर गांव क्षेत्र की तमाम महिलाओं ने बताया कि उनके साथ जुल्म ज्यादती अत्याचार पर पुलिस प्रशासन के द्वारा सहयोग नहीं किया जाता है जिस पर अध्यक्ष ने कहा कि जिस किसी की समस्या हो वह अपनी समस्या से महिला उत्थान एवं जागृति संस्थान को अवगत कराएं। 112 की समस्त जानकारियां दी गई उन महिलाओं को तथा उनके आग्रह किया गया कि अपने आस पास होने वाले घरेलू हिंसा पर नजर रखें और प्रशासन का सहयोग लें यदि प्रशासन सहयोग नहीं करता तो तत्काल 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करवाएं जिससे ग्रामीण महिलाओं ने अपने विचार रखें।

तीन युवकों ने महिला और उसके बेटे को पीटा

कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के हरदुआ गांव में अंडे के ठेले पर अंडा खाने के बाद उसकी पालीथिन और छिकले को शरारती युवक गांव की महिला ज्ञानमती पत्नी कल्लू सिंह सोलंकी के छत पर फेंक रहे थे यह कारनामा लगातार कई दिनों से चल रहा है जिस पर महिला के बेटे सचिन ने युवकों की इस शरारत पर विरोध किया जिससे बौखलाए युवक सचिन को गाली गलौज करने लगे महिला भी अंडे के ठेले के पास पहुंच गयी तमाम ग्रामीण भी मौके पर एकत्रित हो गए जिस पर बिंदु गोविंद आकाश तीनों युवकों ने गाली गलौज करते हुए महिला और उसके बेटे को लाठी डंडे से पीट दिया जिससे महिला को चोटें आई हैं इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को महिला ने दी है।

बच्चों के विवाद में दूसरी बार महिला के साथ किया मारपीट

कौशांबी। कोखराज थाना क्षेत्र के दरवेशपुर गांव निवासी मंजू देवी पत्नी संदीप कुमार दिवाकर ने एसपी को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि 27 मई को उसके बच्चे सुमित गांव के बच्चे भीम आदि के साथ खेल रहे थे इसी बात को लेकर बच्चों बच्चों में विवाद हुआ था इसी बात का उलाहना देने मंजू पड़ोसी भीम के घर गए थे जिस पर उसके साथ गाली गलौज किया। इतना ही नहीं इसी मामले को लेकर 5 जून को मंजू को अकेला घर में देखकर रात्रि 11:00 बजे उसका जबरिया दरवाजा खुलवा कर उसके साथ फिर मारपीट की गई । हल्ला मचाने पर आसपास के लोग मौके पर आ गए तो मारपीट करने वाले लोग भाग गए हैं मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है लेकिन कार्यवाही नहीं हो सकी।

आबादी की जमीन पर कब्जा करने वाले दूसरे की शिकायत कर अधिकारी को कर रहे गुमराह

कौशांबी। कोखराज थाना क्षेत्र के कसिया पूरब गांव के चिकवन का पुरवा गांव निवासी लूसा देवी पत्नी गुरु प्रसाद में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि सुभाष गुप्ता आदि गांव में कुआं की जमीन पर जबरिया कब्जा कर रहे हैं उसका कहना है कि आबादी की जमीन पर कुआं बना हुआ है डीएम को दिए शिकायती पत्र में लूसा देवी ने बताया कि कुआं और आबादी की जमीन पर कब्जा करने वाले सुभाष गुप्ता अधिकारियों को झूठी शिकायती पत्र देकर गुमराह कर रहे हैं कि गुरु प्रसाद आदि कुआँ की जमीन कब्जा कर रहे हैं पीड़ित ने कहा है कि कुआं की जमीन पर मंदिर बनवाने के लिए नींव की मिट्टी हटाई गई है लेकिन सुभाष आदि रास्ते की जमीन पर कब्जा कर चुके हैं और मंदिर की जमीन को भी कब्जा कर लेना चाहते हैं उसका कहना है कि राजस्व निरीक्षक सुभाष आदि का जबरिया समर्थन कर रहे हैं शिकायतकर्ता लूसा का कहना है कि सुभाष आदि ने ग्राम सभा की भूमि कब्जा कर प्रधानमंत्री आवास बनवा लिया है सुभाष के अवैध कब्जे को रोकने और उन पर कार्यवाही की मांग पीड़ित महिला ने डीएम से की है।

अतिक्रमण करने वालों को विभाग ने दिया 2 दिन की मोहलत

कौशाम्बी। सड़क की पटरी और सड़क पर अतिक्रमण करने वालों को लोक निर्माण विभाग ने नोटिस भेजा था जिस पर ग्रामीणों में खलबली मच गई थी खबर का प्रकाशन होने के बाद विभाग के अधिकारी सचेत हुए हैं और ग्रामीणों को अतिक्रमण हटाने के लिए 2 दिन की मोहलत दी है खेरवा में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा नोटिस जारी करने के बाद अखंड भारत संदेश समाचार पत्र के द्वारा खबर को प्रमुखता से छापने के बाद आज पीडब्ल्यूडी विभाग गांव पहुंचकर अवैध अतिक्रमण को चिन्हित कर ग्रामीणों को अतिक्रमण हटाने को लेकर 2 दिन का समय दिया गांव पहुंचे अधिकारियों ने कहा कि यदि 2 दिन बाद भी ग्रामीणों ने अतिक्रमण नहीं हटाया तो पीडब्ल्यूडी विभाग भारी पुलिस फोर्स के साथ अतिक्रमण हटाने के साथ गांव पहुंचेगा और अतिक्रमण हटाने में जो खर्च आएगा उसकी वसूली अतिक्रमण करने वालो से वसूल करेगा।

रिद्धि सिद्धि के छात्रों द्वारा माइंड डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ आयोजन

समर कैंप के माध्यम से प्रशिक्षित छात्र छात्राओं ने किया मंच पर अद्भुत प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

आंख में पट्टी बांधकर कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र तथा कार्यक्रम में मौजूद संस्थान के चेयरमैन संजय गुप्ता वा अन्य।

कौशाम्बी। रिद्धि सिद्धि फाउंडेशन के माध्यम से भरवारी स्थित कौशांबी प्रेसिडेंसी स्कूल ने एक नया इतिहास रचा है यहां माइंड डेवलपमेंट प्रोग्राम जो कि बच्चों के हितार्थ आयोजित हुआ इसमें बच्चों का मानसिक विकास करके उनके अंदर अलौकिक शक्ति जागृत करने का एक सार्थक प्रयास किया गया इस प्रयास को सार्थक करने में संस्थान के चेयरमैन व पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने अपना पूर्ण सहयोग दिया और हमारी पुरातन एवं सनातन संस्कृति को पुनः स्थापित करने में अपनी महती भूमिका निभाई। इस समर कैंप के माध्यम से 50 नए छात्र छात्राओं को प्रशिक्षित किया गया जिसके लिए फाउंडेशन की ओर से बच्चों को निःशुल्क प्रशिक्षण के साथ-साथ आवास एवं भोजन दिया गया यह कहने में जरा भी अतिशयोक्ति नहीं होगी कि आगे आने वाले समय में यही प्रशिक्षित छात्र एवं छात्राएं अलौकिक शक्तियों का अर्जन करेंगे और समाज के विकास में अपनी महती भूमिका का निर्वाहन करेंगे। कौशांबी प्रेसिडेंसी स्कूल एंड कॉलेज जो कि इस जिले का सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान है और हमेशा से अपने बोर्ड के रिजल्ट और परसेंटेज को लेकर के जिले में अपना नंबर एक स्थान स्थापित करता रहा है, इस प्रकार की पहल के आयोजन का केंद्र बन रहा है। इन सबके माध्यम से आज समाज अपनी खोई हुई संस्कृति को पुनः स्थापित करने में सफल होगा। संस्थान के छात्र और छात्राओ ने बड़े उत्साह के साथ इस प्रशिक्षण में भाग लिया प्रशिक्षक अनुराग ने बताया कि बच्चों को योगा और मेडिटेशन के माध्यम से क्वांटम स्पीड रीडिंग करवा करके बच्चों के मस्तिष्क को विकसित किया गया जिसकी वजह से बच्चों की आंखों में पट्टी बांधकर किसी भी पुस्तक को मात्र 10 मिनट के अंदर पढ़ने और याद करने की क्षमता विकसित हुई आंख बंद करके कोई भी एक्टिविटी करने की क्षमता पैदा हुई जैसे साइकिलिंग, राइडिंग, शूटिंग, कुकिंग, डांस, स्विमिंग, मार्शल आर्ट इत्यादि। ध्यान के माध्यम से कोई भी व्यक्ति कोई भी भाषा को उसी टोन में सीख सकता है पढ़ सकता है लिख सकता है बोल सकता है। इस विद्या का उपयोग हम युद्धकला, शिल्पकला में भी कर सकते हैं। इस प्रकार की क्षमता भी बच्चों के अंदर विकसित हुई। क्लास 6 की सक्षम जयसवाल ने प्लांट से बात किया तो बताया की प्लांट को कई दिनों से पानी नही दिया गया और किसी ने इसकी एक पत्ती को तोड़ दिया कई वहा पर मौजूद पत्रकार साथियों ने तमाम तरह की परीक्षाएं लिया जिसमे मेडिटेशन छात्र ने आंख में पट्टी बांधकर एक-एक करके सभी का जवाब दिया। कक्षा 8 की तानवी ने आंखों में पट्टी बांध कर दूर से स्कैन करके लोगों के हाथ में क्या चीज है उसका कलर क्या है बताया। इसका शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता फाउंडर मास्टर देव बाबू गुप्ता एवं प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा पवार ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन करके किया। इस मौके पर श्री गुप्ता ने कहा कि योग हमारे भारतीय संस्कृति की अनमोल धरोहर है और इसकी रक्षा करना हर भारतीय का कर्तव्य है रिद्धि सिद्धि फाउंडेशन के माध्यम से भारतीय संस्कृति की रक्षा हेतु हर संभव प्रयास किए जाएंगे इस अवसर पर प्रधानाचार्य विजय चौहान, मयंक मिश्रा अभिषेक यादव अनुपमा जयसवाल, रत्नाकर शर्मा प्रशिक्षक अनुराग जयसवाल पूर्व चेयरमैन भरवारी गंगा प्रसाद काले, वीरेंद्र केसरी जगदीश शिवहरे रमेश अग्रहरि राधाकृष्ण मुन्ना सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

संपादकीय

देश के समग्र विकास का संकल्प

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यूपी यात्रा का व्यापक महत्व रहा । देश के समग्र विकास में नगर और गांव दोनों शामिल हैं । इसके प्रति नरेन्द्र मोदी और योगी आदित्यनाथ कटिबद्ध हैं। लखनऊ में उद्योग विकास का संकल्प भी दिखाई दिया। यह संयोग है कि लगभग इसी समय मोदी सरकार ने अपने आठ वर्ष पूरे किए । इस दौरान उत्तर प्रदेश में योगी सरकार को दुबारा जनादेश मिला। डबल इंजन सरकार समग्र विकास की दिशा में कार्य कर रही है । कानपुर देहात के परौंख गांव के लिए भी ऐतिहासिक दिन रहा । राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल और मुख्यमंत्री एक साथ पहुंचे । डॉ. आंबेडकर और महात्मा गांधी का स्मरण किया। दोनों के विचारों पर अमल का संकल्प व्यक्त किया गया । संविधान की भावना के अनुरूप प्रजातंत्र को मजबूत बनाने पर विचार हुआ । प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर परिवारवाद को स्वस्थ प्रजातंत्र के प्रतिकूल बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवाओं ने परिवारवादियों को सत्ता से बाहर कर दिया है । अब यह लोग सब एक हो रहे हैं। लोकतंत्र में परिवारवादी पार्टियों से बचने की जरूरत है। देश में मजबूत विपक्ष होना चाहिए, लेकिन इसमें परिवारवाद की बीमारी नहीं रहनी चाहिए । तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। गांव के बेटे-बेटी भी राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री बनें, इसके लिए परिवारवादी पार्टियां से मुक्ति जरूरी है । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि परौंख में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने एक साथ आकर महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की परिकल्पना को साकार किया है। देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। उत्तर प्रदेश के विकास के लिए अस्सी हजार करोड़ रुपये के निवेश का शुभारंभ करके सीधे प्रधानमंत्री इस गांव पहुंचे हैं। देश के हर क्षेत्र में परिवर्तन दिख रहा है। उसी का असर है कि परौंख आदर्श और डिजिटल गांव बन गया है। काशी के साथ उत्तर प्रदेश का समग्र विकास हो रहा है। ग्राम परौंख में आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में मेरा गांव मेरी धरोहर अभियान के अन्तर्गत आयोजित समारोह की झलक सारे संसार ने देखी। राष्ट्रपति अपने पैतृक आवास मिलन केंद्र को सार्वजनिक उपयोग के लिए दान कर चुके हैं। अब यह सामुदायिक मिलन केंद्र के रूप में परिवर्तित हो चुका है। इसमें स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों को विभिन्न कार्यों के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री के बाबा साहब के आधुनिक भारत के निर्माण के संकल्प के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त करने पर खुश जताई। राष्ट्रपति ने कहा बाबा साहब मानते थे कि हमारे लोकतंत्र की जड़ें देश की प्राचीन परम्पराओं से ही अपनी जीवनी शक्ति प्राप्त करती हैं। भारतीय संस्कृति पर आधारित समावेशी तथा समरस समाज के निर्माण तथा गरीब, पिछड़े वर्ग के उत्थान के प्रति बाबा साहब जीवन भर संघर्षरत रहे। उनके आदर्शों को जिस प्रकार प्रधानमंत्री ने कार्य रूप दिया है, वह सभी के लिए अनुकरणीय और अपने आप में मिसाल है। मोदी ने कहा कि भारत की आत्मा गांव में बसती है, क्योंकि गांव हमारी आत्माओं में बसता है। भारत के गांव अध्यात्म, आदर्श, परम्पराओं, प्रगतिशीलता संस्कार,सहकार,ममता और समता के प्रतीक होते हैं। अमृत काल में ऐसे ही गांवों का पुनर्गठन, पुनर्जागरण करना हमारा कर्तव्य है। भारत के गांवों में तीव्र गति से सड़कों का निर्माण हो रहा है। ऑप्टिकल फाइबर बिछाया जा रहा है।

चैनल डिबेट की आक्रामकता में धुंधलाता सौहार्द

ललित गर्ग



इस्लाम एवं पैगम्बर पर टिप्पणी के बाद देश-विदेश खासकर खाड़ी देशों में घिरी भारतीय जनता पार्टी ने अपने दो प्रवक्ताओं नूपुर शर्मा एवं नवीन कुमार जिंदल पर एक्शन लेते हुए उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। भाजपा ने स्पष्ट किया है कि हम सभी धर्मों और उनके पूजनीयों का सम्मान करते हैं। किसी का अपमान स्वीकार नहीं है। भाजपा की यह कार्रवाई इन दोनों नेताओं के साथ उन सभी के लिए एक सबक बननी चाहिए जो सार्वजनिक विमर्श में शामिल होते हैं और प्रायः भाषा की मयार्दा का उल्लंघन करते हैं। संवाद और सार्वजनिक विमर्श में भाषा की मयार्दा का अपना एक स्तर होता है और उसे बनाए रखना सबका साझा दायित्व है। आजकल चैनलों पर डिबेट की आक्रामकता निम्नस्तर तक पहुंच गयी है, जो राष्ट्रीय मूल्यों को आहत करने के साथ-साथ इलेक्ट्रोनिक मीडिया एवं पत्रकारिता के आदर्शों को भी धुंधला रही है। पिछले लम्बे समय से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में डिबेट का चलन बहुत अधिक बढ़ा है। यह डिबेट कुछ बेहतर परिणाम दे या न दे, लेकिन समाज एवं राष्ट्र को नुकसान अवश्य पहुंचाती हैं। जब संवेदनशील मामलों और विशेष रूप से धार्मिक बहस के समय भाषा की मयार्दा टूटती है, तो उसका कहीं अधिक प्रतिकूल असर पड़ता है और कभी-कभी तो लोग सड़कों पर उतरकर हंगामा और हिंसा करने लगते हैं। दुनिया में भारत की छवि भी आहत होती है। यही नहीं विवादित अथवा आपत्तिजनक टिप्पणियां करने वालों को धमकियां दी जाने लगती हैं। अब जो बहसें हो रही हैं और उनके जो विषय होते हैं, उससे समाज को लाभ कम नुकसान ज्यादा होता है। हम पिछले कई महीनों की प्रमुख चैनलों की डिबेट का आकलन करें तो यह सिवाए हिन्दू मुसलमान को आपस में बांटने एवं लड़वाने के और कुछ नहीं रही हैं। एंकर बहस की शुरूआत चाहे जितने ही सामाजिक विषय से करे, वह अंत मे पहुंचता सिर्फ हिन्दू मुसलमान पर ही है। क्या इसी दिन के लिए यह प्रोग्राम बनाए गए थे, बल्कि सोचा गया था कि बहस से कोई रास्ता निकलेगा और वह समाज को रास्ता दिखाएगा मगर इन बहसों ने तो रास्ता दिखाने की जगह रास्ते बांटने का काम कर दिया है। दिलों को जोड़ने की बजाय तोड़ने का काम किया है। टीवी डिबेट में आधे घंटे से लेकर घंटे भर तक कोई भी प्रोग्राम उठा लीजिये, उसका निचोड़ केवल धार्मिक बंटवारा ही निकलेगा, इंसान-इंसान के बीच दूरिया एवं फासले पैदा करना ही निकलेगा। कभी किसी की टोपी उछाली जाएगी तो कभी किसी के तिलक को मजाक बनाया जाएगा। यह बहसें जो राजनैतिक होनी चाहिए थीं, वह व्यक्तिगत और धार्मिक हो रही हैं, इसका लाभ किसे मिलेगा, सिवाए तोड़ने वालों के। चैनल्स की डिबेट्स का मकसद था कि समाज के लिए बेहतर चीज मंथन के बाद निकालना मगर इधर कुछ एंकर्स, चैनल्स और प्रवक्ताओं ने इसे मंथन की जगह युद्ध और आक्रमण में बदल दिया है। ऐसा लगता है कि इन डिबेट की सारी कवायद उजालों पर कालिख पोतने का ही प्रयास होता है। यहां बदले रुख में कोई भी राजनैतिक दल कम और ज्यादा प्रभावित तो हो सकता है मगर सभी इस विष को गले लगाए हैं। बताइए गला फाड़-फाड़ चीखने से समस्या का हल निकलेगा या समस्या पैदा होगी? मगर हममें से कोई भी ठहरकर, रुककर इस बिगड़ते हुए डिबेट कल्चर पर बात नहीं करना चाहता है। इस प्रकार की उद्देश्यहीन, उच्छृंखल, विध्वंसात्मक एवं आक्रामक बहसों से किसी का हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होता। इसलिये इस बहस-संस्कृति पर गंभीर विमर्श की अपेक्षा है। इसको एक आचार-संहिता में बांधा जाना चाहिए। यह दायित्व इसलिए और अधिक बढ़ गया है, क्योंकि इंटरनेट मीडिया के साथ टीवी चैनलों पर होने वाली चर्चा में अक्सर शालीनता, संयम, अनुशासन और गरिमा के दायरे से बाहर निकलकर तीखी-ओछी, घिनौनी, अशिष्ट एवं अभद्र टिप्पणियां की जाती हैं।

टीवी डिबेट से जुड़े सभी लोग, उनमें मीडियाकर्मी भी हैं, राजनैतिक दलों के प्रवक्ता भी हैं, विषयों के जानकार भी हैं, धर्म-विशेष के प्रतिनिधि, पत्रकार और एक्सपर्ट भी हैं और बहुत बड़ा वर्ग दर्शकों का भी है। सबको मिलकर सोचना होगा कि जो हम कर रहे हैं, वह समाज एवं राष्ट्र हित में है भी या नहीं। यह जो डिबेट्स हैं, यह भारत की आत्मा को जोड़कर मजबूत कर रही हैं या बांटकर छलनी कर रही हैं। इसमें व्यक्तिगत हमले हो रहे हैं या विषय पर सार्थक बात हो रही है। इन बहसों से अल्पसंख्यक बनाम बहुसंख्यक का जो माहौल बना है, वह देश के लिए बुरा है, होना तो यह था अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक को साथ लाने एवं जोड़ने के प्रयत्न करने चाहिए थे, जो कि मुश्किल भी नहीं था, क्योंकि मूलतः यह आज भी साथ हैं मगर चैनल्स और उनके एजेंडे से लैस एंकर्स ने इनको साथ लाने की जगह तोड़ने का अधिक काम किया है। हम सबको सोचना होगा कि देश के लिए क्या बेहतर है। ऐसी बेतुकी गर्मागर्म बहसों से चैनल की टीआरपी तो बढ़ सकती है मगर देश कमजोर होता है। जब एंकर चीखता है तो समझ लीजिए उसके पास कहने को कुछ खास नहीं है, सिवाए चिल्लाने के, जब वह पैनलिस्ट को उकसाता है तो मान लीजिए यह विषय से कंगाल है। जब कोई प्रवक्ता व्यक्तिगत हमले करता है, तो समझ जाइये की वह अपनी खिसियाहट मिटा रहा है। जैसे ही वह हिन्दू मुसलमान पर आ टिके तो समझ लीजिए कि वह देश और समाज को समझने में दरिद्र है, वह विचार से कंगाल है, इसलिए बस इसके पीछे छिपकर अपनी अज्ञानता पर कुतर्कों का पर्दा डाल रहा है। इन बहसों और ऐसे मनोवैज्ञानिक प्रभाव से खुद, समाज एवं राष्ट्र को बचाइए, यह सबको बीमार कर देंगी। चैनलों पर होने वाली परिचर्चाएं मुर्गे की लड़ाई बनती जा रही है। समाज का बहुत बड़ा तबका ऐसा भी है जिसे लगता है कि चैनलों पर होने वाली परिचचाओं पर पाबन्दी लगायी जानी चाहिए या इनके गिरते स्तर पर नियंत्रण किया जाना चाहिए। यह कैसा विरोधाभास एवं विडम्बना है कि अल्पसंख्यक के नाम पर एक सम्प्रदाय विशेष, वर्ग-विशेष की सारी गलतियां माफ कर दी जाती है। ऐसे लोग, जो स्वभाव से ही राष्ट्र की प्रगति, एकता एवं सौहार्द-भावना को सहन नहीं कर सकते, बिना किसी कारण जो विवाद खड़े करना चाहते हैं, वे ईर्ष्या और मात्सर्य की भावना से प्रेरित होकर विरोध करते हैं। यह किसी से छिपा नहीं कि हिंदू मंदिरों के प्रतीक चिह्नों के साथ शिवलिंग मिलने की बातों की किस तरह खिल्ली उड़ाई गई और शिवलिंग को लेकर कैसी ओछी, भद्दी और हिंदू जनमानस को आहत करने वाली टिप्पणियां भी की गईं। क्या इन सबके खिलाफ भी कोई कार्रवाई होगी? एक सवाल यह भी है कि क्या कथित आपत्तिजनक टिप्पणियां करने वाले भाजपा प्रवक्ताओं को जान से मारने और यहां तक कि सिर तन से जुदा करने की खुलेआम धमकियां देने वालों के खिलाफ भी कोई कार्रवाई होगी? यह न केवल हैरानी, बल्कि गंभीर चिंता की बात है कि ऐसे उन्मादी तत्वों के खिलाफ कोई कार्रवाई होती नहीं दिख रही है। कानून के शासन का तकाजा यही कहता है कि जब इस्लाम एवं पैगम्बर पर टिप्पणी पर कार्रवाई होती है तो हिन्दू देवी-देवताओं एवं प्रतीकों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले लोगों पर भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, बल्कि उन तत्वों को भी हतोत्साहित भी किया जाना चाहिए जो भारत में ईशनिंदा का कानून बनाने की पैरवी करते रहते हैं। उन्हें हिन्दू नाम से ही एलर्जी है। तरस आता है उन संकीर्ण, आक्रामक, कट्टरवादी लोगों की बुद्धि पर, जो सूरज के उजाले पर कालिख पोतने का असफल प्रयास करते हैं, आकाश में पैबंद लगाना चाहते हैं और सछिद्र नाव पर सवार होकर सागर की यात्रा करना चाहते हैं। भारत में रहकर भारत को गाली देना एवं पाकिस्तान के गुण गाना, यह कैसी राष्ट्रीयता है? यह कैसा अल्पसंख्यकवाद है? यह भी लोकतंत्र की भावना के सर्वथा विरुद्ध है। निःसंदेह सबको अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्राप्त है और यह स्वतंत्रता लोगों को अरुचिकर और अप्रिय लगने वाली बातें कहने का भी अधिकार देती है, लेकिन इस अधिकार की अपनी एक सीमा है। यह खेद की बात है कि ज्ञानवापी प्रकरण में जारी बहस के दौरान कई बार भाषा की मयार्दा का उल्लंघन होते हुए दिखा।

तरस आता है उन संकीर्ण, आक्रामक, कट्टरवादी लोगों की बुद्धि पर, जो सूरज के उजाले पर कालिख पोतने का असफल प्रयास करते हैं, आकाश में पैबंद लगाना चाहते हैं और सछिद्र नाव पर सवार होकर सागर की यात्रा करना चाहते हैं

भेदभाव से मुक्त समाज का निर्माण

किशन भावनानी

भारत एक आध्यात्मिकता और धार्मिकता का अणखुट खजाना हैज जो भारतीय संस्कृति और सभ्यता का हजारों वर्ष पहले का इतिहास रहा है, जिनकी अदृश्य शक्ति से, कोई हमारे देश का बुरा चाहते हुए भी नहीं कर सकता! क्योंकि हमारी आध्यात्मिकता और धार्मिकता अदृश्य पूर्वक उनकी कड़ियों को तोड़ देती है!और उन्हें हैरान कर देती है कि हमारा प्लान सफल क्यों नहीं हो रहा है !उन असुर शक्तियों को मालूम नहीं कि, भारत की मिट्टी में ही संस्कृति, सभ्यता, आध्यात्मिकता और धार्मिकता प्रवृत्ति गॉड गिफ्टेड है। साथियों हम अगर गॉड गिफ्टेड खजाने के उपयोग का प्रयास एक सामंजस्यपूर्ण और समावेशी समाज की दिशा में प्रयास करने की कोशिश करें तो मेरा मानना है कि, हमारे नए भारत की परिकल्पना में मुख्य उद्देश्यों में से एक इस प्रयास का घनिष्ठ सकारात्मक प्रभाव होगा! और सभी प्रकार के भेदभाव से हम मुक्त होंगे, अनेकता में एकता होगी, नागरिकों को समान अधिकार रूपी मंत्र मिलेगा। साथियों बात अगर हम सामंजस्यपूर्ण समाज की दिशा में प्रयास की करें तो साथियों जिस तरह प्रकृति में सुव्यवस्था, सुसंगति, मौसम चक्रीयता, सामंजस्यता, अंतर्दृष्टिता है। परंतु !! उसके चक्रीयता में, मानवीय हस्तक्षेप, विरोध हम पैदा करते है, परिणाम स्वरूप! हम जलवायु परिवर्तन के रौद्र रूप में को भुगत रहे हैं। सुसंगति, सामंजस्यता तो दुनिया में संपूर्णता पैदा करता है, संबंधों में प्रगाढ़यता आती है, सामंजस्यता या सुसंगति से व्यवस्था शांति, प्रशांति समयबद्धता, श्रम संस्कृति, अच्छे संबंध देती हैं। अपेक्षित और वांछनीय परिवर्तनों को त्वरित प्रदान करते हैं। साथियों सामाजिक सद्भाव से सुसंगती का अर्थ है समाज के सदस्यों के बीच स्नेहापूर्ण, मैत्रीपूर्ण संबंधों का होना लोगों और वातावरण के साथ सद्भावपूर्व तथा सामान्य सत्ता के साथ रहने का वैदिक दर्शन साथियों इस कथन से स्पष्ट है कि, भारतीय 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना में विश्वास करते हैं जिसका अर्थ है पूरी दुनिया एक परिवार है और उन्होने हमेशा सार्वभौमिक भाईचारे का प्रचार किया है और दूसरों के साथ शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की वकालत की है। यह उल्लेख करते हुए कि भारतीय सभ्यता ने हमेशा पूरी दुनिया की भलाई के लिए प्रार्थना की है,अनादि काल से, भारत ने अपने ज्ञान, कौशल और प्रथाओं को दुनिया भर के साथ साझा किया है ताकि अन्य भी लाभ उठा सकें।

राज्यसभा चुनाव में चलेगी गहलोत की जादूगरी ?

रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान से राज्यसभा के लिए चार नए सदस्यों का चुनाव होना है। आगामी 10 जून को इसके लिए वोट डाले जाएंगे। राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने तीन प्रत्याशी व भाजपा ने एक प्रत्याशी खड़ा किया है। वही हरियाणा से राज्यसभा सांसद सुभाष चंद्रा के निर्दलीय मैदान में उतर जाने के बाद राजस्थान में राज्यसभा का चुनाव रोचक हो गया है। चुनाव का नतीजे अब वोटो से ही तय होना निश्चित हो गया है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी ने अपने समर्थक विधायकों को उदयपुर में एक रिसोर्ट में ले जाकर रखा हुआ है। राजस्थान में 200 विधायक है तथा चार सदस्यों का चुनाव होना है। ऐसे में जीत के लिए हर सदस्य को 41 मतों की जरूरत पड़ेगी। कांग्रेस पार्टी ने वरीयता क्रम में मुकुल वासनिक, रणदीप सुरजेवाला व प्रमोद तिवारी को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं भाजपा ने अपने वरिष्ठ नेता घनश्याम तिवाड़ी को अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। भाजपा के समर्थन से सुभाष चंद्रा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरे हैं। 4 सीटों पर 5 प्रत्याशी मैदान में आने के कारण चुनाव होना तय हो गया है। कांग्रेस को अपने तीनों प्रत्याशी जिताने के लिए 123 वोट चाहिए। जबकि पार्टी के पास खुद के 108 वोट है। बाकी 15 वोट उन्हें निर्दलीय और अन्य दलों से प्राप्त करने होंगे। भाजपा के 71 सदस्य होने के कारण उनके प्रत्याशी की आसानी से जीत हो जाएगी। पार्टी अपने बचे हुए 30 वोट निर्दलीय सुभाष चंद्रा को देती है तो भी जीत के लिए सुभाष चंद्रा को 11 और वोटों की जरूरत पड़ेगी। जो उन्हें निर्दलीय व अन्य दलों के विधायको से लेने होंगे। मीडिया मुगल सुभाष चंद्रा के चुनाव मैदान में आने से राजस्थान में राज्यसभा चुनाव में विधायकों की खरीद-फरोख्त की संभावना बढ़ गई है। इसी को देखते हुए कांग्रेस पार्टी अपने समर्थक विधायकों की उदयपुर में बाड़े बंदी कर दी है। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उतरे सुभाष चंद्रा ने दावा किया था कि उनकी कई छोटे दलों के व निर्दलीय विधायकों से बात हो चुकी है। उनके वोट उन्हें मिलेंगे इसीलिए वह मैदान में उतरे हैं। सुभाष चंद्रा पिछली बार भी हरियाणा में चुनावी उलटफेर करके ही चुनाव जीत गए थे। वैसी ही संभावनायें वह राजस्थान में भी देख रहे हैं। मगर हरियाणा व राजस्थान की परिस्थितियों में काफी फर्क है।

पिछले चुनाव में सुभाष चंद्रा की जीत का सबसे बड़ा कारण हरियाणा में भाजपा की सरकार का होना था। जबकि अभी राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है और राजनीति के जादूगर माने जाने वाले अशोक गहलोत मुख्यमंत्री है। ऐसे में सुभाष चंद्रा के लिए जीत की राह हरियाणा की तरह आसान नहीं होगी। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सरकार भारी बहुमत से शासन कर रही है। भाजपा व हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के विधायकों को छोड़कर बाकी सभी विधायकों का सरकार को समर्थन मिला हुआ है। ऐसे में राज्यसभा चुनाव में भी अशोक गहलोत तीनों ही प्रत्याशियों को जीता कर राजनीति में अपनी जादूगरी दिखाने का हर संभव प्रयास करेंगे। राजस्थान में कांग्रेस के तीनों ही अधिकृत प्रत्याशी बाहर के होने के कारण कई विधायकों में असंतोष देखा गया था। कांग्रेस पार्टी द्वारा राजस्थान के एक भी व्यक्ति को अपना प्रत्याशी नहीं बनाए जाने के कारण कांग्रेस को क्रास वोटिंग का डर सता रहा है। राज्यसभा चुनाव की घोषणा से पहले अल्पसंख्यक, आदिवासी समाज की तरफ से उनके किसी नेता को प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की जा रही थी। मगर कांग्रेस आलाकमान ने सभी की मांग ठुकराते हुए तीनों ही प्रत्याशी केंद्र की राजनीति करने वाले नेताओं को बना दिया।

इससे स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। जबकि भाजपा ने पार्टी के वरिष्ठ नेता घनश्याम तिवाड़ी को टिकट देकर एक तीर से कई शिकार किए हैं। एक तरफ जहां ब्राह्मण समाज के दिग्गज नेता को राज्यसभा में भेजा जा रहा है। वही वसुंधरा राजे के धुर विरोधी तिवाड़ी को टिकट देकर भाजपा आलाकमान ने वसुंधरा राजे को बता दिया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में उनको चेहरा बनाकर चुनाव नहीं लड़ा जाएगा। लोगों में चर्चा है कि अशोक गहलोत अपने तीनों ही प्रत्याशियों को जीता कर ले जाएंगे। मगर जिस तरह से कांग्रेस आलाकमान ने प्रदेश की तीनों सीटों पर बाहरी उम्मीदवारों को थोपा है उसका खामियाजा कांग्रेस पार्टी को आगे चलकर विधानसभा चुनाव में उठाना पड़ सकता है। राजस्थान में अभी कांग्रेस के 3 राज्य सभा सांसद है। जिनमें से दो पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह व कांग्रेस के संगठन महामंत्री वेणुगोपाल प्रदेश से बाहर के हैं। यदि इस चुनाव में तीनों ही प्रत्याशी जीत जाते हैं तो पार्टी के 6 में से 5 सांसद प्रदेश से बाहर के हो जायेंगे। राज्यसभा चुनाव में अक्सर देखा जाता है कि प्रदेश में सत्तारूढ़ दल को फायदा मिलता है। पिछली बार वसुंधरा राजे की सरकार में 4 सीटों पर हुये चुनाव में कांग्रेस ने निर्दलीय कमल मोरारका को समर्थन देकर मैदान में उतार दिया था। चुनाव में उन्हें 35 मत ही मिले थे और भाजपा के चारों ही प्रत्याशी चुनाव जीत गए थे। उसी तरह इस बार कांग्रेस के तीनों ही प्रत्याशी जीतने की अधिक संभावना लग रही है।

बसपा से कांग्रेस में आए उदयपुरवाटी के विधायक व सैनिक कल्याण राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने भी तीनों ही प्रत्याशी प्रदेश से बाहर के होने पर नाराजगी जताई थी। उनका कहना था कि राजस्थान के किसी नेता को राज्यसभा प्रत्याशी बनाते तो प्रदेश की जनता को अधिक लाभ मिलता। ऐसे ही पूर्व मंत्री व वरिष्ठ विधायक भरत सिंह ने भी तीनों ही बाहरी प्रत्याशियों को लेकर खुलकर नाराजगी जताई है। कांग्रेस को समर्थन दे रहे निर्दलीय विधायक संयम लोढ़ा ने भी आलाकमान द्वारा घोषित तीनों नामों पर आपत्ति जताई है।

मगर वह खुद पूर्व में प्रियंका गांधी, कुमार विश्वास, कन्हैया कुमार जैसे बाहरी लोगों को टिकट देने की वकालत कर चुके थे। भाजपा की तरफ से कमान केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, पार्टी के प्रदेश प्रभारी महासचिव अरुण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सतीश पूनिया, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने संभाल रखी है। वहीं कांग्रेस की कमान पूरी तरह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के हाथ में है। गहलोत किसी भी तरह तीनों प्रत्याशियों को जिता कर अपनी ताकत दिखाना चाहते हैं। इससे वो आलाकमान की नजरों में नंबर वन बन जाएंगे। साथ ही सचिन पायलट को भी कमजोर करने में सफल होंगे। राजस्थान से राज्यसभा चुनाव लड़ रहे तीनों ही नेता कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के नजदीकी लोगों में शुमार है। ऐसे में चुनाव जीतने पर यह नेता दिल्ली की राजनीती में मुख्यमंत्री गहलोत की बात का समर्थन करेगें। इससे गहलोत का पक्ष मजबूत होगा।

चुनावों में कौन जीतता है कौन हारता है इसका सही पता तो नतीजों के बाद ही लग पाएगा। मगर फिलहाल राजस्थान में राज्यसभा का चुनाव पूरे शबाब पर है। सभी प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत को लेकर समीकरण बिठाने में लगे हुए हैं।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

प्राकृतिक साधनों से कुछ भी मिलता है वह प्रकृति में समाहित

विजय गर्ग

प्रकृति को मानव निर्मित चीजों को छोड़कर सब कुछ के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जिसमें पेड़, पौधे, जानवर, पर्यावरण और वह सब कुछ शामिल है जो मानव निर्मित नहीं है। प्राकृतिक साधनों से हमें जो कुछ भी मिलता है वह प्रकृति में समाहित है। प्रकृति, व्यापक अर्थों में, प्राकृतिक दुनिया, भौतिक दुनिया या भौतिक दुनिया के बराबर है। "प्रकृति" भौतिक दुनिया की घटनाओं को संदर्भित करती है, और सामान्य रूप से जीवन के लिए भी। यह उप-परमाणु तत्वों से लेकर ब्रह्मांडीय उत्पादों तक के पैमाने पर होता है। प्रकृति मानव जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और हमें जीवन के कुछ आवश्यक तत्व जैसे भोजन, पानी, वायु आदि प्रदान करती है। आज प्रकृति को भूविज्ञान के साथ-साथ हमारे आसपास के वन्य जीवन के व्यापक अर्थों में वगीकृत किया गया है। प्रकृति में प्राकृतिक पर्यावरण या जंगल भी शामिल हैं-जंगली जानवर, चट्टानें, जंगल, समुद्र तट, और सामान्य चीजें जो मानव हस्तक्षेप से काफी हद तक नहीं बदली हैं, या जो मानव हस्तक्षेप के बावजूद बनी रहती हैं यानी सरल तरीके से इसके अस्तित्व में मानव की कोई भूमिका नहीं है। प्रकृति शब्द लैटिन शब्द "नेचुरा" या "आवश्यक गुण, जन्मजात स्वभाव" से लिया गया है, और प्राचीन काल में, इसका शाब्दिक अर्थ "जन्म" था। नटुरा ग्रीक शब्द फिसिस का लैटिन अनुवाद था, जो मूल रूप से आंतरिक विशेषताओं से संबंधित है जो पौधों, जानवरों और दुनिया की अन्य विशेषताओं से संबंधित हैं जो अपने स्वयं के विकास के लिए हैं। प्रकृति में मनुष्य के आस-पास की बहुत सी चीजें शामिल हैं।

आज शब्द के विभिन्न उपयोगों के भीतर, "प्रकृति" अक्सर भूविज्ञान और वन्य जीवन को संदर्भित करता है। प्रकृति विभिन्न प्रकार के जीवित पौधों और जानवरों के सामान्य क्षेत्र का उल्लेख कर सकती है, और कुछ मामलों में निर्जीव वस्तुओं से जुड़ी प्रक्रियाओं के लिए - जिस तरह से विशेष प्रकार की चीजें मौजूद हैं और अपने स्वयं के परिवर्तन, जैसे कि मौसम और भूविज्ञान पृथ्वी, और वह पदार्थ और ऊर्जा जिससे ये सभी चीजें बनी हैं।

विकासः विकास को विशिष्ट मानवीय मांगों और उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के व्यवस्थित उपयोग के रूप में परिभाषित किया जा सकता है और इसमें मौजूदा स्रोतों में सुधार और उन्नयन जोड़ने की प्रक्रिया भी शामिल है। बढ़ती आबादी और मानवीय लालच के कारण दुनिया में भोजन, पानी, ऊर्जा और खनिजों की जरूरत दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। जनसंख्या वृद्धि, अनियंत्रित विकास और जलवायु परिवर्तन के साथ मिलकर ये मागें प्राकृतिक पर्यावरण पर और भी अधिक दबाव डाल रही हैं। अपनी भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए, हमें अब इस बारे में बेहतर निर्णय लेने होंगे कि हम अपनी भूमि और जल की रक्षा, प्रबंधन और विकास कैसे करें। विकास एक प्राकृतिक घटना है, प्रकृति भी विकास का साथ देती है और हर प्राकृतिक चीज विकसित होती है। मनुष्य एक बच्चे से एक बड़े आदमी के रूप में विकसित होता है, छोटे पौधे बड़े पेड़ों में विकसित होते हैं और इसी तरह, और मूल विचार यह है कि प्रकृति विकास प्रक्रिया का विरोध नहीं करती है, वास्तव में विकास के पक्ष में है बशर्ते विकास प्रक्रिया को पूरा किया जाए अन्य संसाधनों को नुकसान पहुंचाए बिना एक निरंतर स्तर। आज मानव ने विकास के उद्देश्य के लिए हमारे पहाड़ों, रेगिस्तानों, मैदानों, महासागरों और नदियों के स्थान पर उपलब्ध प्राकृतिक क्षेत्र में से अधिकांश का पता लगाया है और लगातार खनन, बुनियादी ढांचे के विकास, निर्माण और जंगलों को काटने जैसी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है जो हमारे प्राकृतिक पर्यावरण के लिए एक बड़ा खतरा है। . प्रकृति विकास का समर्थन करती है लेकिन अन्य संसाधनों की कीमत पर नहीं, आज मानव विकास की प्रक्रिया को अंजाम देने के लिए सभी संसाधनों को लापरवाही से समाप्त कर रहा है और इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, इन गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने की आवश्यकता है।

सांस्कृतिक मूल्यों की बात ना करें राजनीतिक पार्टियां

संजीव ठाकुर

राजनीति का स्तर जिस तीव्रता से स्खलित होते जा रहा है। अब उनसे किसी भी तरह की सांस्कृतिक संस्कारी आचार संहिता का पालन करने की उम्मीद और आशा नहीं की जा सकती है। राजनीति दिशाहीन,सिद्धांत-विहीन हो गई है। पद और सत्ता का लालच राजनीतिक पार्टियों का अंतिम लक्ष्य हो गया है। आज जिस तरह से राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव की सांध्य बेला पर सांसदों की अफरा-तफरी और विधायकों की खरीद-फरोख्त मैं मशगूल हो रही है, जातिवाद अवसरवाद पद लोलुपता सिर चढ़कर बोलने लगी है। निश्चित तौर पर लोकतंत्र शर्मिंदा होकर खंडित होने लगा है। संविधान की निर्मात्री सभा के सपने चूर चूर हो रहे हैं यह भारतीय लोकतंत्र के लिए अच्छे दूरगामी परिणामों के संकेत नहीं है। पूर्व राष्ट्रपति एपीजे कलाम जी ने कहा कि लोकतंत्र या प्रजातंत्र शब्द ग्रीक भाषा से अवतरित अंग्रेजी शब्द डेमोक्रेसी का हिंदी रूपांतरण है, जिसका सीधा सीधा अर्थ होता है प्रजा अथवा जनता द्वारा परिचालित शासन व्यवस्था। किंतु अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की परिभाषा सर्वमान्य रूप से प्रचलित है जिसके अनुसार प्रजातंत्र या लोकतंत्र जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा, शासन है। उन्होंने इस कथन के तर्क में कहा क्योंकि मैं गुलाम नहीं होना चाहता,इसीलिए मुझे शासक भी नहीं होना चाहिए, यही विचार मुझे लोकतंत्र की ओर अग्रेषित करता है।

पर लखीमपुर खीरी, सिंघु बॉर्डर और जशपुर,भोपाल में हिंसक घटनाओं को देखते हुए लगता है कि सारी की सारी लोकतांत्रिक व्यवस्था चरमरा गई है और समस्त प्रतिमान धारासाही हो गए हैं। लखीमपुर खीरी की विभत्स घटना जिसमें 7 लोगों को वाहन से रोड पर कुचल कर मार दिया गया इनमें से कुछ लोगों को भीड़ ने पीट-पीटकर ही मार दिया एक बेचारा निर्भीक पत्रकार इस हिंसा की बलि चढ़ गया।

युवाओं का प्रदर्शन अच्छा, मगर सुधार की जरूरतः पीवी सिंधु

बेंगलुरु। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने कर्नाटक की ग्रां प्री बैडमिंटन लीग के लॉन्च पर कहा कि बहुत से युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन उन्हें अपने आप को साबित करने के लिये बहुत कुछ करना है। सिंधु ने कहा, 'एक बड़ा खालीपन है, लेकिन बहुत सारे युवा अच्छा कर रहे हैं। उबेर कप और अन्य टूर्नामेंटों में हमने आकर्षी (कश्यप) और अश्मिता (चलिहा) और कुछ अन्य खिलाड़ियों को देखा। उन्हें खुद को साबित करने के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत है। मुझे यकीन है कि एक दिन हम उबेर कप जीतेंगे। हमें कोर्ट पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की जरूरत है और यह महत्वपूर्ण है कि हर कोई अपना 100 प्रतिशत दे।' सिंधु जुलाई में होने वाले बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से पहले आने वाले हफ्तों में अच्छी फॉर्म में रहने और चोट मुक्त रहने की उम्मीद कर रही हैं।उन्होंने कहा, 'मेरा तात्कालिक लक्ष्य राष्ट्रमंडल खेलों में जाने से पहले सिंगापुर ओपन के अलावा इंडोनेशिया और मलेशिया मास्टर्स में खेलना है। यह आसान नहीं होने वाला है, लेकिन मैं अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में रहने और चोट से मुक्त रहने की उम्मीद कर रही हूं।'उन्होंने कहा, 'इस साल मेरी शुरुआत अच्छी रही है। मैं इंडियन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची और सैयद मोदी टूर्नामेंट और स्विस ओपन जीती। मैं कोरियाई ओपन और बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में भी पहुंची। यह साल अब तक अच्छा रहा है। मुझे उम्मीद है कि मैं अच्छा प्रदर्शन जारी रख सकूंगी और आने वाले दिनों में और जीत हासिल करूंगी।' राष्ट्रमंडल खेलों के बाद विश्व की नंबर सात शटलर टोक्यो की विश्व चैम्पियनशिप का रुख़ करेंगी।

तेंदुलकर को लेकर अख्तर का खुलासाःबोले- 2006 के कराची टेस्ट में हर हाल में सचिन को चोटिल करना चाहता था

कराची। क्रिकेट का भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर और शोएब अख्तर के बीच राइवलरी हमेशा से रोमांच का विषय रही है और समय-समय पर इनके टकराव के किस्से भी सामने आते रहे हैं। एक दुनिया का सबसे तेज गेंदबाज था तो दूसरा सबसे बेहतरीन बल्लेबाज। एक ऐसा ही किस्सा सुनाया खुद शोएब अख्तर ने। 46 साल के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने बताया कि वे एक बार सचिन को जानबूझकर चोटिल करना चाहते थे और उन्हें बैक टू बैक बाउंसर मार रहे थे। हालांकि, वे सचिन को चोटिल नहीं कर पाए। लेकिन, इसका फायदा मोहम्मद आसिफ को मिला था। सचिन जब तक खेले विरोधी गेंदबाजों पर हावी ही रहे। हर गेंदबाज उनका विकेट लेना चाहता था। सचिन को आउट करना इतना आसान भी नहीं था। ऐसे में 2006 के टेस्ट में शोएब जब सचिन को आउट नहीं कर पा रहे थे तो सचिन को चोटिल करने के पीछे पड़ गए। उन्होंने सचिन के हेलमेट में बॉल भी मारी। लेकिन, सचिन ने अपने सिर को बचा लिया।

एक वेबसाइट को दिए एक खास इंटरव्यू में शोएब अख्तर ने 16 साल पुरानी कहानी बताई है। शोएब ने कहा- 'उस दिन मेरे सिर पर खून सवार था। बात 2006 में टीम इंडिया के पाक दौरे की है। दोनों टीमों के बीच कराची में तीसरा टेस्ट मुकाबला खेल रही थीं। मैं सचिन को मारने के मकसद से बॉलिंग कर रहा था।'

फुटबॉल के रोमांचक मुकाबलों में मिजोरम, मेघालय और कर्नाटक की टीमें जीतीं

पंचकुला। खेलो इंडिया यूथ गेम्स में पंजाब यूनिवर्सिटी (पीयू) में फुटबॉल के रोमाचंक मुकाबले खेले गए। इनमें मिजोरम, मेघालय और कर्नाटक की टीमों ने शानदार खेल दिखाते हुए अपने-अपने लीग मैचों में जीत दर्ज की जबकि पंजाब और गोवा का मुकाबला बराबरी पर छूटा। लड़कों के वर्ग में खेले गए पहले मुकाबले में मिजोरम ने केरल को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराया। मैच के पहले हाफ में एक गोल जबकि दूसरे हाफ में चार गोल दागे गए। विजेता मिजोरम टीम से लालदामिया, जोथोपीया, एल. मलासुम, लालाजोवा, अगस्तीन ने एक-एक गोल दागे। दिन के दूसरे मुकाबले में मेघालय ने हरियाणा की टीम को 1-0 से मात दी।

साहा के बगैर भी झारखंड के खिलाफ बंगाल की स्थिति मजबूत

बेंगलुरू। राज्य के क्रिकेट बोर्ड से मनमुटाव के कारण अपने सबसे अनुभवी खिलाड़ी विकेटकीपर रिद्धिमान साहा के बिना अभिमन्यु ईश्वरन की अगुवाई वाली बंगाल की टीम अपने तेज गेंदबाजों के दम पर सोमवार से यहां शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में झारखंड के खिलाफ जीत के दावेदार के तौर पर उतरेगी। मुकेश कुमार (15 विकेट), इशान पोरेल (14 विकेट) और आकाश दीप (10 विकेट) की तिकड़ी इस शीर्ष घरेलू टूर्नामेंट में देश में सबसे बेहतरीन तेज आक्रमण में से एक रही है। इन तीनों ने इस सत्र में बंगाल के गेंदबाजों द्वारा लिए गए 58 विकेट में से 39 विकेट चटकाए हैं।

स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला शाहबाज अहमद (आठ) के साथ ये तीनों एक बार फिर झारखंड के खिलाफ अपने प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। कुमार देवव्रत, कुमार कुशाग्र और विराट सिंह जैसे झारखंड के बल्लेबाजों को प्री-क्वार्टर फाइनल में नगालैंड के खिलाफ बनाए गए 900 रनों से आगे के बारे में सोचना होगा। भारतीय टीम से चयन के लिए अनुपलब्ध होने के बाद 37 साल के साहा ने 'निजी कारणों' से लीग चरण के मैचों को नहीं खेलने का फैसला किया था। टीम को हालांकि उनके विकल्प के तौर पर मिले 19 साल के अभिषेक पोरेल ने शानदार प्रदर्शन किया।

आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले साहा ने राज्य

निकाय के पदाधिकारी देवव्रत दास से कथित तौर पर उनका अपमान करने के लिए सार्वजनिक माफी की मांग की। उन्होंने इसके बाद टीम का प्रतिनिधित्व नहीं करने का फैसला किया। बंगाल के कोच सौराशीष लाहिड़ी ने कहा कि टीम में दो स्थानों को लेकर चर्चा चल रही है। तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए बायें हाथ के बल्लेबाजों अभिषेक रमण और सुदीप चटर्जी के बीच मुकाबला होगा।

उन्होंने कहा, 'यह मुश्किल फैसला होगा क्योंकि दोनों बेहतरीन खिलाड़ी है। बंगाल के लिए चिंता का सबब उनकी बल्लेबाजी है। लीग चरण के तीन मैचों के छह पारियों में सिर्फ ईश्वरन ही एक शतक लगा सके। कोई भी बल्लेबाज 250 रन से अधिक का आंकड़ा नहीं छू पाया। लीग चरणों में सबसे अधिक रन बनाने वाले अनुभवी अनुष्टुप मजूमदार (242 रन) अपने करियर के आखिरी चरण में है। बंगाल के सामने बाये हाथ के दो गेंदबाजों शाहबाज नदीम और अनुकूल रॉय के अलावा राहुल शुक्ला और तेज गेंदबाजों की जोड़ी से निपटना होगा।

एक अन्य मैच में कर्नाटक के सामने उत्तर प्रदेश की मजबूत चुनौती होगी। देवदत्त पडिक्कल, करुण नायर, मनीष पांडे और हाल तक भारत के सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाने वाले मयंक अग्रवाल के सामने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले मोहसिन खान और यश दयाल की चुनौती होगी। रोनित मोरे की अगुवाई वाली कर्नाटक की गेंदबाजी थोड़ी कमजोर लग रही है और यह देखना दिलचस्प होगा कि रिंकू सिंह, अक्षदीप नाथ और प्रियम गर्ग की बल्लेबाजों की तिकड़ी का क्या रूख होता है। दोनों मैच सुबह 09:30 बजे से शुरू होंगे।

भारतीय पुरूष टीम एफआईएच हॉकी 5 के फाइनल में, पोलैंड से होगा सामना

लुसाने । भारतीय पुरूष टीम ने मलेशिया और पोलैंड पर दबदबे भरी जीत से शुरूआती एफआईएच हॉकी फाइव्स टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय टीम को अभी तक किसी भी मुकाबले में हार नहीं मिली है। रविवार को उसने पहले मलेशिया को 7-3 से पराजित किया जिसमें चार गोल दूसरे हाफ में हुए और फिर दिन के दूसरे मैच में पोलैंड को 6-2 से शिकस्त दी। कोच ग्राहम रीड की टीम इस तरह राउंड रॉबिन लीग चरण में 10 अंक से पांच टीम की तालिका में शीर्ष पर रही जिसमें उसने तीन जीत दर्ज की और एक ड्रा खेला।भारत ने शनिवार को मेजबान स्विट्जरलैंड को 4-3 से हराया था और फिर चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से 2-2 से ड्रा खेला था। भारत अब फाइनल में पोलैंड से भिड़ेगा जो छह अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर रहा। यह मुकाबला भी रविवार को ही खेला जाएगा। पाकिस्तान फाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकता था, अगर वह अपने अंतिम लीग मैच में मलेशिया के खिलाफ जीत हासिल कर लेता लेकिन यह 5-5 से ड्रा रहा। इससे उसके पांच अंक रहे और वह तीसरे स्थान पर रहा।

राहील मोहम्मद ने गोल दागने की अपनी लय जारी रखी और मलेशिया के खिलाफ तीन गोल दागे। इसके बाद उन्होंने पोलैंड के खिलाफ भी दो गोल कर भारत को फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। शनिवार को भी राहील ने तीन गोल किये थे जिसमें से दो स्विट्जरलैंड और एक पाकिस्तान के खिलाफ था। उन्होंने चार मैचों में आठ गोल कर लिये हैं जिससे वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों में सबसे ऊपर चल रहे हैं।

मेस्सी ने अर्जेन्टीना की ओर से पहली बार पांच गोल दागे, पुस्कास को पीछे छोड़ा

पेंपलोना (स्पेन)। दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मेस्सी ने स्पेन में मैत्री फुटबॉल मैच में एस्टोनिया के खिलाफ 5-0 की जीत के दौरान पहली बार अर्जेन्टीना की ओर से पांच गोल दागे और अंतरराष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल में सर्वाधिक गोल दागने वालों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए। अर्जेन्टीना की टीम पिछले 33 मुकाबलों से अजेय है।

मेस्सी ने पहले हाफ में पेनल्टी किक पर गोल सहित दो गोल दागे और फिर दूसरे हाफ में तीन और गोल दागकर अपने अंतरराष्ट्रीय गोल की संख्या को 86 तक पहुंचाया। अर्जेन्टीना के इस स्टार खिलाड़ी ने इस दौरान हंगरी के पूर्व महान खिलाड़ी फ्रेनेक पुस्कास को पीछे छोड़ा जिनके नाम पर 84 गोल दर्ज हैं।

पुर्तगाल के दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो 117 गोल के साथ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में

सर्वाधिक गोल दागने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने रविवार को नेशन्स लीग में स्विट्जरलैंड के खिलाफ पुर्तगाल की 4-0 की जीत में भी दो गोल दागे। उनके बाद ईरान के अली देई (109) और मलेशिया के मुख्तार दहारी (89) का नंबर आता है। मेस्सी ने इससे पहले अर्जेन्टीना की ओर से सीनियर स्तर पर कभी किसी मैच में पांच गोल नहीं दागे थे।

बेन सॉयर न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने

आकलैंड । ऑस्ट्रेलिया के बेन सॉयर को दो साल के लिए न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। सॉयर 2018 से ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाजी कोच के रूप में काम कर रहे थे। वह द हंड्रेड में बर्मिंघम फीनिक्स के मुख्य कोच भी हैं और साथ ही महिला बिग बैश लीग टीम सिडनी सिक्सर्स के मुख्य कोच की भूमिका भी निभा चुके हैं। सॉयर सोमवार को बे ओवल में ट्रेनिंग शिविर के दौरान वाइट फर्न्स (न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीम का लोकप्रिय नाम) के साथ जुड़ गए। उनके

शुरुआती दो टूर्नामेंट बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल और उसके बाद होने वाला वेस्टइंडीज का दौरा होगा। सॉयर ने कहा, 'मुझे इस वाइट फर्न्स समूह में काफी प्रतिभा नजर आती है और मैं उनकी क्षमता को निखारने में मदद करने को लेकर आशावादी हूं जिससे कि वे अपने क्रिकेट को अगले स्तर पर ले जाएं। यह निश्चित तौर पर सीखने वाली प्रक्रिया होगी क्योंकि मुझे खिलाड़ियों को जानने का मौका मिलेगा और वे मुझे, मेरी क्रिकेट रणनीति और कोचिंग शैली को जान पाएंगे।' टीम की कप्तान सोफी डिवाइन ने कहा कि सॉयर टीम में नए विचार और रणनीति लेकर आएंगे।

राफेल नडाल ने 14वीं बार जीता फ्रेंच ओपन, ग्रैंड स्लैम की संख्या हुई 22

पेरिस। राफेल नडाल ने फ्रेंच ओपन फाइनल में कैस्पर रुड को 6-3, 6-3, 6-0 से हराकर रोलां गैरो में अपनी बादशाहत कायम रखते हुए 14वीं चैंपियनशिप और कुल मिलाकर 22वां ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम किया। ये दोनों रिकॉर्ड पहले से ही नडाल के नाम है। नडाल ने यह जीत अपने 36वें जन्मदिन के दो दिन बाद दर्ज की जिससे लाल बाजरी पर खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के इतिहास में खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने।

यूं जीता फइनल मुकाबला

फिलिप चैटरियर कोर्ट पर पांचवीं सीड नडाल ने पहले दो सेट आसानी से 6-3,6-3 से जीते और तीसरे सेट में उन्होंने आठवीं सीड रुड को एक भी गेम जीतने का मौका दिए बिना इसे 6-0 से निपटा दिया।

जोकोविच-फेडरर से निकले आगे

स्पेन के इस खिलाड़ी ने 2005 में 19 साल के उम्र में पहली बार यहां खिताब जीता था और इस टूर्नामेंट में तभी से उनका दबदबा कायम है। सबसे ज्यादा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के मामले में भी उन्होंने दिग्गज रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच पर दो खिताब की बढ़त बना ली है। फेडरर चोटिल होने के कारण पिछले काफी समय से खेल से दूर हैं तो वहीं जोकोविच कोविड-19 टीकाकरण विवाद के कारण ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नहीं खेल सके थे।

उच्च रैंकिंग के प्लेयरों को हराया

नडाल ने हाल के दिनों में अलेक्जेंडर ज्वेरेव और फाइनल में रैंकिंग में नंबर 8 रुड) को शिकस्त दी।

फ्रेंच ओपन में नडाल का

बार-बार कहा है कि उनकी उम्र और पैर के पुराने दर्द को देखते हुए यह सुनिश्चित नहीं है कि कौन सा मैच उनका आखिरी होगा। कोर्ट फिलिप चैट्रियर में उनकी लय को देखकर हालांकि ऐसा नहीं लगा। उन्होंने अपने अभियान के दौरान शीर्ष 10 रैंकिंग में शामिल चार खिलाड़ियों (चौथे दौर में नंबर नौ फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे, क्वार्टर फाइनल में नंबर एक जोकोविच, सेमीफाइनल में नंबर 3

रिकॉर्ड -नडाल ने 2005, 2006, 2007, 2008, 2010, 2011, 2012, 2013, 2014, 2017, 2018, 2019, 2020, 2022 में कुल 14 बार फ्रेंच ओपन जीता। इसके अलावा 2009 और 2022 में ऑस्ट्रेलियन ओपन, 2008 और 2010 में विम्बलडन तथा 2010, 2013, 2017, 2019 में यूएस ओपन के खिताब जीते। नडाल जब भी फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचे, हमेशा जीते ही हैं।

जो रूट ने न्यूजीलैंड के खिलाफ ठोका शतक, 10 हजार रन पूरे करने के साथ बनाए ये बड़े रिकॉर्ड्स

लंदन। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने न्यूजीलैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में बड़ा रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। रूट टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन पूरे करने वाले इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी और इस मुकाम को हासिल करने वाले ओवरऑल 14वें खिलाड़ी बन गए है। रूट की शतकीय पारी की बदौलत इंग्लैंड न्यूजीलैंड को 5 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई।

रूट पारी के 77वें ओवर में टिम साउदी की गेंद पर इस मुकाम तक पहुंचे। इसके साथ ही वह अपना 26वां टेस्ट शतक भी पूरा कर लिया। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक अन्य अंग्रेजी खिलाड़ी हैं जिन्होंने 10,000 या उससे अधिक रन बनाए हैं। उन्होंने 161 टेस्ट में 45.35 की औसत से 12,472 रन बनाए हैं। उन्होंने खेल के सबसे लंबे प्रारूप में 33 शतक और 57 अर्धशतक भी बनाए।

अब इस मुकाम पर पहुंचने के बाद रूट उन खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं जिन्होंने खेल के सबसे लंबे प्रारूप में 10,000 या उससे अधिक रन बनाए हैं। इस सूची में पहले स्थान पर सचिन तेंदुलकर (15,921), दूसरे पर रिकी पोंटिंग (13,378), तीसरे पर जैक्स कैलिस (13,289), चौथे पर राहुल द्रविड़ (13,288)

और पांचवें पर एलेस्टेयर कुक (12,472) कर रहे हैं।

10,000 टेस्ट रन तक पहुंचने में कम से कम समय

9 साल 156 दिन - जो रूट*
10 साल 87 दिन - एलेस्टेयर कुक
11 साल 280 दिन - राहुल द्रविड़
12 साल 159 दिन - कुमार संगकारा
12 साल 174 दिन - रिकी पोंटिंग
13 साल 74 दिन - जैक्स कैलिस
13 साल 250 दिन - ब्रेन लारा

जीत के दौरान इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक टेस्ट शतक

18 - जो रूट*
17 - एलेस्टेयर कुक
15 - इयान बेल

मौजूदा खिलाड़ियों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक शतक

70 - विराट कोहली
43 - डेविड वार्नर
42 - जो रूट*
41 - रोहित शर्मा
38 - स्टीवन स्मिथ

टेस्ट मैच जीतने के दौरान सर्वाधिक शतक

30 - पोंटिंग
25 - एस वॉ
23 - ब्रैडमैन, हेडन
22 - कैलिसो
20 - सचिन
19 - संगकारा, यूनिसी
18 - जो रूट*, जी स्मिथ, एस स्मिथ

टेस्ट क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे करने वाले बल्लेबाज

सुनील गावस्कर
एलन बॉर्डर
स्टीव वॉ
ब्रायन लारा
सचिन तेंडुलकर
रिकी पोंटिंग
शिवनारायण चंद्रपॉल
जैक्स कैलिस
राहुल द्रविड़
यूनिस खान
कुमार संगकारा
महेला जयवर्धने
एलेस्टेयर कुक
जो रूट*

चाय वाले की बेटी काजोल सरगार ने रचा इतिहास, खेलो इंडिया 2021 का पहला गोल्ड जीता

पंचकुला । हरियाणा के पंचकुला में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स का पहला स्वर्ण एक चाय वाले की बेटी ने जीत लिया है। 3 साल पहले तक काजोल सरगार का खेलों से सिर्फ इतना रिश्ता था कि वह अपने भाई संकेत को वेटलिफ्टिंग की ट्रेनिंग करते हुए देखने के लिए एक स्थानीय जिम्नेजियम तक जाती थीं। महाराष्ट्र के सांगली से आने वाली काजोल ने अपने भाई को भारत का शीर्ष वेटलिफ्टर बनते हुए भी देखा, लेकिन इससे भी उन्हें खेलों की तरफ आने की प्रेरणा नहीं मिली। फिर एक दिन 2019 में, जब उन्होंने सांगली से ही आने वाली रूपा हांगंडी को पुणे के खेलो इंडिया यूथ गेम्स में स्वर्ण जीतते हुए देखा, और तब से काजोल के लिए सब बदल गया।

काजोल सरगार ने यहां खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 में पहली स्वर्ण पदक विजेता बनने के बाद कहा- मेरा भाई मुझसे पांच साल बढ़ा है। मैंने उसके साथ पहले कभी खेल की बात नहीं की। उन्होंने कहा- खेलो इंडिया यूथ गेम्स में रूपा हांगंडी की सफलता के बारे में जानने के बाद ही मुझे लगा कि मुझे भारोत्तोलन का भी प्रयास करना चाहिए।

मयूर सिंहसाने के नेतृत्व में प्रशिक्षण ले रही काजोल ने महिलाओं के 40 किग्रा वर्ग में कुल 113 किग्रा भार उठाकर महाराष्ट्र के पदक तालिका में शीर्ष की ओर बढने की तरफ कदम बढ़ाया। काजोल स्नैच में केवल 50 किग्रा ही हासिल कर सकीं और तीसरे प्रयास में असम की रेखामोनी गोगोई से पीछे रह गई, जिन्होंने क्लीन एंड जर्क में उनसे दो किलोग्राम ज़्यादा वजन उठाया। इसके बाद रूपा क्लीन एंड जर्क में 60 किग्रा और 63 किग्रा भार उठाकर पोडियम के शीर्ष पर पहुंच गई।

रेखामोनी (109 किग्रा; 52 किग्रा स्नैच, 57 किग्रा क्लीन एंड जर्क) तीसरे स्थान पर खिसक गईं और अरुणाचल प्रदेश की सांडिया गुंगली ने कुल 111 किग्रा (47 किग्रा स्नैच,

काजोल सरगार ने यहां खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2021 में पहली स्वर्ण पदक विजेता बनने के बाद कहा- मेरा भाई मुझसे पांच साल बढ़ा है। मैंने उसके साथ पहले कभी खेल की बात नहीं की। उन्होंने कहा- खेलो इंडिया यूथ गेम्स में रूपा हांगंडी की सफलता के बारे में जानने के बाद ही मुझे लगा कि मुझे भारोत्तोलन का भी प्रयास करना चाहिए।

63 किग्रा क्लीन एंड जर्क) के साथ रजत पदक जीता। काजोल ने अगस्त 2021 में पटियाला में यूथ नेशनल में कांस्य पदक जीता था, लेकिन इस साल की शुरुआत में कलाई की चोट के कारण वह इस वर्ष के अपने लक्ष्यों पर फिर से काम करने के लिए मजबूर हो गईं।

काजोल ने कहा- मैं प्रशिक्षण के दौरान 70 किग्रा उठाने की कोशिश कर रही थी और चोटिल हो गई। मैं 2 महीने से अधिक समय तक एक्शन से बाहर रही और यहां तक कि मार्च में भुवनेश्वर में नेशनल से भी चूक गई। यह खिताब मेरी 3 साल की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और मुझे अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा।

खेलो इंडिया युवा खेल : महाराष्ट्र ने नौ स्वर्ण से बढ़त बनायी, हरियाणा दूसरे नंबर पर

पंचकुला । भारोत्तोलक काजोल सरगर खेलो इंडिया युवा खेलों की पहली स्वर्ण पदक विजेता बनीं जिससे गत चैम्पियन महाराष्ट्र ने यहां पदक तालिका में बढ़त हासिल कर ली।

सांगली की 16 साल की काजोल के पिता चाय बेचते हैं। उन्होंने महिलाओं की 40 किग्रा वर्ग स्पर्धा में कुल 113 किग्रा (स्नैच में 50 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 63 किग्रा) वजन उठाया। काजोल ने पिछले साल युवा राष्ट्रीय खेलों में कांस्य पदक जीता था।

महाराष्ट्र ने नौ स्वर्ण पदक जीतकर तालिका में पहले स्थान पर है जबकि हरियाणा ने छह स्वर्ण से दूसरे स्थान पर है। हरियाणा ने हालांकि संख्या में सबसे ज्यादा 23 पदक (पांच स्वर्ण, छह रजत और 12 कांस्य) जीते। महाराष्ट्र ने 17 (नौ स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य) पदक जीते। भारोत्तोलन में दो नये युवा राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बने।

महाराष्ट्र ने भारोत्तोलन में दाव पर लगे चार में से तीन स्वर्ण और योगा में तीन स्वर्ण और साइकिलिंग में एक स्वर्ण अपने खाते में डाला। हरियाणा ने कुश्ती मैट पर अपना दबदबा बरकरार रखते हुए दाव पर लगे सभी पांच स्वर्ण पदक जीते।

विदेश संदेश

टला खतराः ऑस्ट्रेलिया-कनाडा के विमानों को खतरे में डाला चीन ने, करीब आए फाइटर जेट

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने कहा, चीनी लड़ाकू विमानों ने दक्षिण चीन सागर में उनके निगरानी विमानों को खतरा उत्पन्न कर

दिया था। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्रालय ने बताया, गत 26 मई को अंतरराष्ट्रीय वायुक्षेत्र में उसके समुद्री निगरानी विमान पी-8ए पोसाइडन को चीनी वायुसेना के फाइटर जेट जे-16 ने बेहद करीब आकर खतरनाक ढंग से बाधित किया। कनाडा सरकार ने कहा, चीनी लड़ाकू विमान निगरानी के दौरान खतरनाक ढंग से उसके सीपी-140 ऑरोरा विमान के नजदीक आ गया।

कतर के प्रधानमंत्री ने उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू की अगवानी की, इन मुद्दों पर हुई चर्चा

दोहा। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू दोहा पहुंचे। कतर के प्रधानमंत्री शेख खालिद बिन खलीफा बिन अब्दुल अजीज अल थानी ने दोहा के अमीरी दीवान में उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू की अगवानी की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट

किया कि दोनों पक्षों ने प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत की और व्यापार, निवेश, आर्थिक और सुरक्षा सहयोग सहित द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने कतर के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री शेख खालिद बिन खलीफा बिन अब्दुल अज़ीज़ अल सानी से यहां मुलाकात की और दोनों नेताओं ने प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत की तथा व्यापार, निवेश, आर्थिक और सुरक्षा सहयोग समेत द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि लोगों का आपसी संपर्क भारत और कतर के बीच ऐतिहासिक रिश्ते के केंद्र में हैं। कतर में 7,50,000 से अधिक भारतीय हैं। दोनों पक्षों के बीच बहुआयामी सहयोग ने आर्थिक, ऊर्जा, निवेश, शिक्षा, रक्षा और सांस्कृतिक रिश्तों में अहम वृद्धि देखी है। उसमें कहा गया है कि वित्त वर्ष 2021-22 में द्विपक्षीय व्यापार 15 अरब डॉलर को पार कर गया। कतर ने पिछले दो सालों में विभिन्न भारतीय कंपनियों में दो अरब डॉलर से अधिक के निवेश की भी प्रतिबद्धता जताई है।

बिजली संकट से पाकिस्तान में हाहाकार, पीएम शरीफ बोले- 24 घंटों में दें इमरजेंसी प्लान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में भारी बिजली संकट के बीच प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अधिकारियों को अगले चौबीस घंटों के भीतर देश में बिजली की लोड शेडिंग को कम करने के लिए एक आपातकालीन योजना तैयार करने का निर्देश दिया है। देश के विभिन्न हिस्सों में लोड शेडिंग नागरिकों, खासकर व्यापारिक समुदाय को के लिए समस्याएं पैदा कर रही है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री मरियम औरंगजेब ने कहा कि प्रधानमंत्री शरीफ ने शनिवार को पांच घंटे की लंबी बैठक के दौरान स्थिति का विस्तार से जायजा लिया जहां उन्हें घरेलू और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को बिजली उपलब्ध कराने में आने वाली बाधाओं के बारे में जानकारी दी गई।

राज्य संचालित न्यूज एजेंसी के मुताबिक, 'शरीफ ने उर्जा, पेट्रोलियम और वित्त मंत्रियों की एक समिति को एक कार्ययोजना पेश करने का काम सौंपा है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया है कि लोड शेडिंग को धीरे-धीरे कम करने की योजना का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।' रिपोर्ट के मुताबिक, 'बैठक में संघीय मंत्रियों और उच्च स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया, देश के विभिन्न हिस्सों में घंटों की लोड शेडिंग पर चर्चा की, इसके चलते लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।' बैठक में लोड शेडिंग की स्थिति की समीक्षा की गई और देश में बिजली के इस्तेमाल में कमी करने के उपायों पर जोर दिया गया।

नाइजीरिया के चर्च में हमला:प्रेयर के समय अनजान लोगों ने बरसाई गोलियां, 50 की मौत; आंकड़ा और बढ़ सकता है

अबुजा। नाइजीरिया के ओवो शहर के सेंट फ्रांसिस चर्च में रविवार को गोलीबारी हुई। पब्लिक रिप्रेजेंटेटिव एडेलेगबे टिमिलीन ने बताया कि घटना में 50 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की खबर है। कई लोग घायल हुए हैं। अभी मृतकों का आंकड़ा आधिकारिक रूप से जारी नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि कुछ हथियारबंद लोग चर्च में घुसे और फायरिंग शुरू कर दी।

प्रेयर के दौरान हुआ हमला

स्थानीय समयानुसार यह घटना दोपहर करीब 11:30 बजे (भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे) की है। हमला किसने और क्यों किया यह अभी पता नहीं चल सका है। घटना के वक्त वहां प्रेयर हो रही थी। पब्लिक रिमिप्रेजेंटेटिव एडेलेगबे टिमिलीन ने बताया कि हमलावरों ने प्रेयर कर रहे एक व्यक्ति को अगवा कर लिया है। गवर्नर रोटिमी अकेरेडोलू ने इस घटना पर शोक जताया है।

शहर के इतिहास में कभी नहीं हुई ऐसी घटना

हमले के बाद के का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें चर्च में लोग खून से लथपथ पड़े दिखाई दे रहे हैं, जबकि आसपास के लोग चीख-चिल्ला रहे हैं। नाइजीरियाई राष्ट्रपति मुहम्मदु बुहारी ने कहा कि नफरत की सोच रखने वालों ने ऐसा घिनौना काम किया है और लोगों की जान ले ली है। देश ऐसे नफरती लोगों के सामने कभी नहीं झुकेगा और इनसे जीतकर दिखाएगा। विधायक ओलुवोले ने कहा कि ओवो के इतिहास में पहले कभी ऐसी घटना नहीं हुई।

इटली सरकार की पहल:माफिया से छुड़ाए ठिकानों में यूक्रेन के लोगों को दे रहे शरण, 60 हजार लोगों के लिए इंतजाम

मिलान। इटली में कभी माफिया और अपराध के ठिकाने अब यूक्रेन से आए लोगों के सेफ हाउस बन रहे हैं। रूस-यूक्रेन जंग से विस्थापित हुए करीब 60 हजार यूक्रेनी नागरिकों ने इटली से शरण मांगी है। इससे निपटने और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए इटली सरकार ने इनोवेटिव पहल की है। सरकार माफियाओं से छुड़ाई गई प्रोपर्टी में यूक्रेन से आए शरणार्थियों को पनाह दे रही है।

लोकल एडमिनिस्ट्रेशन कर रहा रखरखाव

मार्च में इस योजना की घोषणा की गई थी। पिछले 40 साल में इटली ने माफिया की 36 हजार से अधिक संपत्तियां जब्त की हैं। अकेले 2021 में ही संगठित अपराधियों की 16 हजार करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की है। इसमें आलीशन बंगलों से लेकर अपार्टमेंट, अंडरग्राउंड गैरेज से लेकर एग्रीकल्चर लैंड तक शामिल है। इस संपत्ति का प्रबंधन चुनौतीपूर्ण है। इसके रखरखाव की लागत का बोझ पूरी तरह से स्थानीय सरकार पर डाल दिया गया है।

1996 में इतालवी संसद में पारित हुआ था संपत्ति जब्त करने का कानून

यूरोपियन रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑन कोऑपरेटिव एंड सोशल इंटरप्राइजेज की रिसर्चर्स कैटरिना डी बेनेडिक्टि बताती हैं- इनका रखरखाव स्थानीय सरकार की

क्षमता से बाहर है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इन्हें खाली छोड़ना बड़ी चूक हो सकती है। ऐसा होने पर फिर से अपराधियों का बोलबाला हो जाएगा। बता दें कि सिसिली के चर्चित माफिया-विरोधी अभियोजक जियोवानी फाल्कन और पाओलो बोर्सेलिनो की हत्याओं के 4 साल बाद 1996 में इतालवी संसद ने स्थानीय सरकारों को माफिया के स्वामित्व वाली संपत्ति जब्त करने का अधिकारी देने वाला कानून पास किया था।

साल 2019 में कानून में संशोधन हुआ, जो जब्त संपत्तियों में से कुछ को निजी लोगों को बेचने की अनुमति देता है। इस संशोधन का आम नागरिक, वर्कर्स और कानूनी विशेषज्ञ विरोध कर रहे हैं, क्योंकि इन संपत्तियों को बाजार में वापस लाने का मतलब उन्हें संगठित अपराधियों की ओर से वापस खरीदे जाने के जोखिम में डालना है।

युद्ध के 100 दिन... देश छोड़ने वाले 20 लाख लोग यूक्रेन लौटे

कीव यूक्रेन पर रूस के हमलों को 102 दिन बीत चुके हैं और इस युद्ध का कहीं भी अंत नहीं दिख रहा है।

संयुक्त राष्ट्र की शरणार्थी एजेंसी के मुताबिक 24 फरवरी से हमलों के चलते करीब 70 लाख लोग यूक्रेन छोड़कर दूसरे देशों में चले गए और करीब इतने ही लोग देश में विस्थापित हुए। अनुमान के मुताबिक, विस्थापित होने वालों में दो तिहाई तो बच्चे हैं। सबसे ज्यादा 37 लाख लोग पोलैंड गए। हालांकि यूक्रेन ने हमलों का पलटवार किया, तो देश छोड़कर जाने वाले वतन भी लौटने लगे। अनुमान के मुताबिक करीब 20 लाख लोग यूक्रेन लौट चुके हैं।

यूक्रेन बोला- युद्ध के बाद भारत करेगा पुनर्निर्माण में मदद

यूक्रेन ने उम्मीद जताते हुए कहा कि युद्ध खत्म होने के बाद भारत सक्रिय रूप से पुनर्निर्माण में मदद करेगा। राजनयिक सूत्रों के हवाले ये यह दावा एक रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, युद्ध के बाद सुरक्षा की गारंटी देने के लिए यूक्रेन ने राजनयिक चैनलों से भारत से संपर्क किया है।

हैवानियत की हदें पार, पति को रस्सी से बांधकर गर्भवती महिला के साथ पांच लोगों ने किया दुष्कर्म

इस्लामाबादः पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से हैवानियत की ऐसी खबर सामने आई है, जिसे पढ़कर हर कोई सिहर उठेगा। यहां एक गर्भवती महिला के साथ पांच लोगों ने दुष्कर्म किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सभी आरोपी हथियार से लैस थे और उसके बल पर घटना को अंजाम दिया। गर्भवती महिला के साथ इस तरह की वारदात सामने आने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। वहीं पुलिस भी पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक, पंजाब प्रांत के झेलम शहर में यह घटना हुई। यहां पांच हथियार बंद लोग एक घर में घुस गए और पति-पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपियों ने महिला के पति को रस्सी से बांध दिया फिर उसके सामने ही बारी-बारी से महिला के साथ दुष्कर्म किया। बताया जा रहा है पीड़िता एक बच्चे को जन्म देने वाली थी। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छानबीन की जा रही है, वहीं महिला का भी मेडिकल कराया जा रहा है।

उत्तर कोरिया को करारा जवाब, अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने आठ मिसाइलों का किया परीक्षण

वाशिंगटनः उत्तर कोरिया के बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपणों के जवाब में दक्षिण कोरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका ने आठ मिसाइलों का परीक्षण किया। मिसाइल परीक्षण की जानकारी दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के हवाले से आई है। जिसमें बताया गया है कि मिसाइलों का परीक्षण विभिन्न लक्ष्यों पर किया गया। स्थानीय समाचार एजेंसी के मुताबिक दक्षिण कोरिया-अमेरिका ने जमीन से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलों का संयुक्त परीक्षण किया साथ ही हमले के दौरान तत्काल सटीक हमले शुरू करने की क्षमता प्रदर्शन किया।

दक्षिण कोरिया ने परीक्षणों को रोकने का आग्रह किया

दक्षिण कोरिया ने एक बयान जारी कर कहा कि 'हमारी सेना उत्तर कोरिया की ओर से किए गए बैलिस्टिक मिसाइल की कड़ी निंदा करती है। साथ ही उत्तर कोरिया से गंभीरता से आग्रह किया कि द्वीप पर सैन्य तनाव बढ़ाने और सुरक्षा चिंताओं को बढ़ाने वाले कामों को तुरंत रोकें। उत्तर कोरिया ने कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया। इससे पहले उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा था कि उनका देश अपनी परमाणु क्षमता को बढ़ावा देना जारी रखेगा।

पिता से कम नहीं पुत्र

सत्ता में 10 वर्षों से अधिक, उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग ने 100 से अधिक मिसाइल प्रक्षेपण किए हैं, जिसमें अंतरमहाद्वीपीय प्रक्षेपण और चार परमाणु परीक्षण शामिल हैं। अपने 10 साल के कार्यकाल के दौरान, उनके पिता किम जोंग इल ने 16 मिसाइल लॉन्च और दो परमाणु परीक्षण किए।

जयशंकर ने चेक गणराज्य के विदेश मंत्री से द्विपक्षीय मुद्दों व यूक्रेन युद्ध पर की चर्चा, भारतीय समुदाय से भी की मुलाकात

कतर। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चेक गणराज्य के विदेश मंत्री जान लिपावस्की से मुलाकात की और व्यापार, रक्षा समेत द्विपक्षीय सहयोग में निरंतर प्रगति पर सार्थक वार्ता की। इस दौरान हिंद-प्रशांत और यूक्रेन युद्ध के प्रभाव पर भी विचार-विमर्श किया गया। जयशंकर मध्य यूरोप के दो देशों स्लोवाकिया और चेक गणराज्य के साथ संबंधों को और गति देने के लिए अपने दौरे के अंतिम चरण में प्राग पहुंचे। जयशंकर ने ट्वीट किया, ''चेक गणराज्य के विदेश मंत्री जान लिपावस्की के साथ सार्थक वार्ता हुई। चेक गणराज्य यूरोपीय संघ की अध्यक्षता संभालने वाला है।

भारत-यूरोपीय संघ की भागीदारी को आगे ले जाने पर चर्चा की।' चेक गणराज्य एक जुलाई से यूरोपीय संघ (ईयू) की अध्यक्षता संभालेगा। जयशंकर ने एक अन्य ट्वीट में कहा, ''व्यापार, रक्षा समेत अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग में निरंतर प्रगति पर सार्थक वार्ता हुई। दोनों देशों के बीच व्यापार दो अरब डॉलर को पार कर गया है। यूक्रेन संघर्ष के प्रभाव और हिंद-प्रशांत पर भी विचारों का आदान प्रदान हुआ।' जयशंकर ने भारत के पहले नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के नाम पर एक चौराहे पर बने स्मारक में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनके प्रति चेक गणराज्य के लोग बेहद सम्मान की भावना रखते हैं।

इससे पहले, यूरोपीय संसद के चेक गणराज्य के सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ जयशंकर ने बैठक की। विदेश मंत्री ने यूरोपीय संघ तथा चेक गणराज्य के साथ भारत के संबंधों, हिंद-प्रशांत, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा तथा डिजिटल सहयोग पर चर्चा की। जयशंकर स्लोवाकिया की राजधानी ब्रातिस्लावा से प्राग पहुंचे। प्राग में, उन्होंने यूरोपीय संसद के चेक सदस्यों (एमईपी) जन जहरादिल, टॉमस ज्देचोवस्की, मिकुलस पेक्सा और वेरोनिका व्रेसीओनोवा के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। जयशंकर ने ट्वीट किया, ''चेक सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करके प्राग में अपने कार्यक्रमों की शुरुआत की। यूरोपीय संघ और चेक गणराज्य के साथ भारत के संबंधों, हिंद-प्रशांत, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा और डिजिटल सहयोग पर अच्छी चर्चा हुई।'

फ्रंट पर डटे सैनिकों के बीच पहुंचे यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की

कीव। यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोदिमीर जेलेंस्की जापोरिज्ज़िया के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति के सैनिकों से मिले। उनके कार्यालय ने रविवार को उत्तरपूर्वी खार्किव क्षेत्र की इसी तरह की यात्रा के एक सप्ताह बाद यह जानकारी दी है।

अखंड भारत संदेश

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित।

Title UPHIN 29506

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

यूक्रेन को रक्षा आपूर्ति पर पुतिन ने पश्चिम देशों को दी चेतावनी



कीव। यूक्रेन की राजधानी कीव में रविवार तड़के रूसी मिसाइलों से हमला कर पश्चिमी देशों से मिलने वाली रक्षा आपूर्ति को नष्ट करने के लिए कई बुनियादी ढांचों को निशाना बनाया। रूस ने इन हमलों में कीव को विदेश से मिले कई टैंक को नेस्तनाबूद करने का दावा किया। वहीं यूक्रेन ने रूस के दावों पर कुछ नहीं बोला है। वहीं, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चेताया कि पश्चिमी देशों से यूक्रेन को लंबी दूरी की रॉकेट प्रणाली की कोई भी आपूर्ति मॉस्को को उन लक्ष्यों को निशाना बनाने के लिए उकसाएगी, जिन पर उसने अभी तक हमला नहीं किया है। पुतिन की यह धमकी अमेरिका की यूक्रेन को 70 करोड़ डॉलर की सुरक्षा सहायता देने की घोषणा के बाद आई है, जिसमें चार मध्यम दूरी की रॉकेट प्रणाली, हेलीकॉप्टर, जैवलिन टैंक रोधी हथियार प्रणाली, राडार, सामरिक वाहन आदि शामिल हैं।

रूसी बलों ने रविवार तडके कीव में रेल प्रतिष्ठानों और अन्य बुनियादी ढांचों को निशाना बनाया। यूक्रेन के परमाणु संयंत्र संचालक एनरगोटॉम ने कहा कि एक क्रूज मिसाइल राजधानी से लगभग 350 किलोमीटर दूर दक्षिण में स्थित पिवडेनौक्रेनस्क परमाणु संयंत्र के पास आ गिरी। कीव के महापौर ने राजधानी के कई बुनियादी ढांचों पर रूस के मिसाइल हमलों की पुष्टि की। हालांकि, उन्होंने बताया कि इन हमलों में किसी के मारे जाने की सूचना नहीं है और एक व्यक्ति को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन शहर के दो उद्यमों को भारी क्षति पहुंची है। यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने रूसी सेना पर खारकीव क्षेत्र में रविवार सुबह फास्फोरस युक्त हथियारों का उपयोग करने का आरोप लगाया।

इस हमले ने कीव में शांति की उम्मीद को ध्वस्त कर दिया है, जिसने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस की 28 अप्रैल की यात्रा के बाद से इस तरह के हमले नहीं देखे थे। कीव के महापौर विटाली क्लिट्स्को ने कहा कि मिसाइल शहर के दर्नित्सकी और निप्रोवस्की जिलों पर गिरीं तथा आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर पहुंच गईं।

सैन्य विश्लेषकों का कहना है कि रूस युद्ध का रुख पलटने वाले किसी भी हथियार के यूक्रेन पहुंचने से पहले संकटग्रस्त पूर्वी डोनबास क्षेत्र पर पूर्ण रूप से कब्जा जमाने की कोशिश कर रहा है, जहां रूस समर्थित अलगाववादियों ने वर्षों से यूक्रेनी सरकार से लड़ाई लड़ी है। पेंटागन ने सप्ताह की शुरूआत में कहा था कि सटीक अमेरिकी हथियारों और प्रशिक्षित जवानों को युद्ध के मैदान में पहुंचाने में कम से कम तीन हफ्ते लगेंगे।

यूक्रेन पर रूस के युद्ध के 100 से अधिक दिन हो गए हैं। लुहान्स्क के गवर्नर सेरही हैदई ने टेलीग्राम पर कहा, गिर्स्के और मिर्ना डोलिना क्षेत्रों में केए-52 हेलीकॉप्टरों द्वारा हवाई हमले किए गए। सु-25 विमान से उस्तिनिव्का पर हमले किए गए। हमलों में गिर्स्के में कुल 13 और लिसिचन्स्क में पांच घर क्षतिग्रस्त हो गए। एक और हवाई हमले की सूचना पूर्वी शहर क्रामाटोरस्क में इसके मेयर ऑलेक्जेंडर गोंचारेंको ने दी।

म्यांमार में सजा-ए-मौत फिर शुरूः 34 साल बाद सुनाई गई फांसी की सजा

पूर्व सांसद समेत 2 लोगों को तख्ते पर चढ़ाया जाएगा

नाएपीदो। म्यांमार में 34 साल बाद फांसी की सज़ा सुनाई गई है। पिछली आंग सान सू ची की सरकार में सांसद फ्यो जेया थाव और लोकतंत्र का समर्थन करने वाले कार्यकर्ता क्याव मिन यू उर्फ जिमी पर टेररिस्ट अटैक और मास किलिंग को अंजाम देने का आरोप है। इन अपराधों के लिए इन दोनों को सजा-ए-मौत सुनाई गई है।

म्यांमार सरकार के इस आदेश की संयुक्त राष्ट्र संघ (ह) महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन ने निंदा की है। स्टीफन ने कहा- ये आदेश जीने की आजादी और मानवाधिकार के खिलाफ है।

दुनिया के लिए ये आदेश चौंकाने वाला

मानवाधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा- म्यांमार में फांसी की सजा को फिर शुरू करना दुनिया के लिए चौंकाने वाली खबर है। इस फैसले को वापस लिया जाए। इंटरनेशनल कम्युनिटी को भी इस मामले में दखल देना चाहिए।

लोगों में डर पैदा करना मकसद

एमनेस्टी ने कहा- किसी अपराध के लिए मौत की सजा कई खौफनाक तरीकों में एक बन गई है। इस फैसले से म्यांमार सैन्य सरकार लोगों के बीच डर पैदा करना चाहती है। अगर कोई उनकी सरकार के खिलाफ खड़ा हुआ, तो उसे भी यही सजा दी जाएगी। ऐसी घटनाओं से शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों और आम नागरिकों पर हिंसा के मामले बढ़ सकते हैं।

1988 में दी गई थी आखिरी बार फांसी

एमनेस्टी इंटरनेशनल का दावा है कि म्यांमार में आखिरी बार 1998 में किसी को मौत की सजा दी गई थी। फांसी की सजा 1988 के बाद भी सुनाई गई लेकिन बाद में उन्हें सामूहिक माफी दे दी गई। आपको बता दें कि पिछली साल फरवरी 2021 में सैना ने आंग सान सू ची की सरकार का तख्तापलट करके सैनिक शासन की स्थापना कर दी थी।

कोरोना: दक्षिण कोरिया में 5,022,मलेशिया में 1,358 नए मरीज

सियोल/कुआलालंपुर। दक्षिण कोरिया में पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना के 5,022 और मलेशिया में 1,358 मरीज सामने आए हैं। दक्षिण कोरिया में संक्रमितों कुल संख्या बढ़कर 1,81,68,708 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया में पिछले सप्ताह संक्रमण के दैनिक औसत मरीजों की संख्या 11,759 रही। नए मरीजों में 17 विदेश से लौटे हैं। ऐसे मरीजों कुल संख्या बढ़कर 33,029 हो गई है। इस संक्रमण से 21 और लोगों की मौत होने के साथ ही मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 24,279 हो गई है। मलेशिया में पिछले 24 घंटों मे कोरोना के 1,358 नए मरीज सामने आने के बाद संख्या बढ़कर 5,514,989 हो गई है। स्वास्थ मंत्रालय की वेबसाइट पर रविवार देररात जारी आंकड़ों अनुसार नए मरीजों में दो लोग बाहर से लौटे हैं।